रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, शनिवार 11 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 358 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## अजूबा : झारखंड के नायाब स्कूल! 199 विद्यालयों में 398 शिक्षक, स्टूडेंट एक भी नहीं



डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के सिर और रीढ़ में गंभीर चोट आई हैं।

**रांची** : सूबे के स्कूलों को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। राज्य में 199 ऐसे स्कूल हैं, जहां एक भी विद्यार्थी नामांकित नहीं है। हैरानी की बात यह है कि इन स्कूलों में 398 शिक्षक बहाल हैं। स्पष्ट है कि ये सभी शिक्षक बिना पठन-पाठन कराए वेतन ले रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यू डायस) प्लस की वर्ष 2023-24 की हालिया रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। हालांकि कुल 44,475 स्कूलों की तुलना में जीरो नामांकन वाले स्कूलों की संख्या एक प्रतिशत से भी कम है। फिर भी इन स्कूलों में शिक्षकों का पदस्थापन या नियुक्ति होना सवाल उठाता है। **यू डायस प्लस-2023-24 की रिपोर्ट में स्कूलों को लेकर जारी किए गए आंकड़े** राज्य में संचालित कुल स्कूलों में 1.8 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं, जहां दस या इससे कम संख्या में बच्चे नामांकित हैं। 20 से कम बच्चों वाले स्कूलों की संख्या 6.8 प्रतिशत है। राज्य में 8,353 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक-एक शिक्षक ही कार्यरत हैं। ऐसे स्कूलों में 4,10,199 बच्चे नामांकित हैं। इस तरह, इन स्कूलों में औसत 49 बच्चों पर एक शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी विषय पढ़ाते हैं। झारखंड के स्कूलों में औसत पांच शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत सात है जो झारखंड से अधिक है। झारखंड के स्कूलों में औसत 161 विद्यार्थियों का नामांकन होता है। यह राष्ट्रीय औसत 169 है, जो झारखंड से थोड़ा अधिक है। बताते चलें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय प्रतिवर्ष यह रिपोर्ट स्कूलों द्वारा फीड किए गए आंकड़ों के आधार पर जारी करता है। इस बार सामान्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में अलग-अलग रिपोर्ट जारी की गई हैं।

**जमशेदपुरः ग्रेड फोर में प्रोन्नत होने वाले शिक्षकों की सूची जारी** जिला शिक्षा विभाग की ओर से ग्रेड फोर में प्रोन्नत होने वाले 295 शिक्षकों की सूची जिला प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अब इन शिक्षकों का काउंसिलिंग कर नए स्कूल में स्थानांतरण होना है। काउंसिलिंग का कार्य 11 जनवरी को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के सभागार में होगी। इसकी विस्तृत सूचना भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षकों की काउंसिलिंग सुबह 10 से 12, स्नातक प्रशिक्षित कला के शिक्षकों की काउंसिलिंग दोपहर 12 से तीन बजे तक, स्नातक प्रशिक्षित भाषा एवं उर्दू शिक्षकों की काउंसिलिंग शाम चार बजे से निर्धारित की गई है। वेबसाइट पर विभिन्न स्कूलों में संकाय वार रिक्ति की सूची को भी अपलोड कर दिया गया है। इस रिक्ति के अनुसार ही शिक्षकों का स्थानांतरण होगा।

### कितने प्रतिशत स्कूलों में कितना नामांकन

| नामांकित बच्चों की संख्या | स्कूलों का प्रतिशत |
|---|---|
| 10 या इससे कम | 1.8% |
| 11-20 | 5.0% |
| 21-30 | 8.3% |
| 31-40 | 10.0% |
| 41-50 | 8.8% |
| 51-60 | 7.4% |
| 61-70 | 5.8% |
| 71-80 | 4.6% |
| 81-90 | 3.9% |
| 91-100 | 3.2% |

### झारखंड में स्कूलों की संख्या और शिक्षकों का अनुपात

कुलस्कूलः44,475

कुलनामांकनः71,43,255

कुलशिक्षकः2,06,591

छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर): 35

## आईटी टावर झारखण्ड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा

**इस आईटी टावर को झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (JIADA) की देखरेख में विकसित किया गया है**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य को तकनीकी और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल के तहत नामकुम, रांची में स्थित आईटी टावर झारखण्ड को डिजिटल युग की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखण्ड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा आईटी टावर झारखण्ड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा।

तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र

इस आईटी टावर को झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (JIADA) की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना G + 5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है।

30 वर्ष के पट्टे का किया गया प्रावधान

औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (JIADA), रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्षों के लिए) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15.02.2025 है। इस परियोजना के माध्यम से झारखण्ड सरकार राज्य को डिजिटल



रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। https://x.com/hemantsorenjmm/status/1877615528610771267?s=46

## शर्मनाक बयान...8 घंटे बीवी को कौन निहारता है, 1 घंटे का फर्क भारत को डेनमार्क जैसा खुशहाल बना सकता है

**नई दिल्लीः** हाल ही में इन्फोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। नारायण मूर्ति की इस बात पर खूब बहस हुई। अब लार्सन एंड टुब्रो (Larsen & Toubro) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन ने भी 90 घंटे काम करने का बयान दिया है।

कर्मचारियों के नाम पर एक वीडियो संदेश में सुब्रमण्यन ने अजब सलाह दे डाली कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। वीडियो में जब उनसे पूछा गया कि एलएंडटी अपने कर्मचारियों से शनिवार को काम क्यों करवाता है। सुब्रमण्यन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खेद है कि मैं आपसे रविवार को काम नहीं करवा पा रहा हूं। अगर मैं आपको रविवार को काम करवा पाऊं तो मुझे ज्यादा खुशी होगी, क्योंकि



मैं रविवार को भी काम करता हूं। उन्होंने लिखा, घर पर छुट्टी लेने से कर्मचारियों को क्या फायदा होता है। आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं? पत्नियां अपने पतियों को कितनी देर तक निहार सकती हैं? ऑफिस जाओ और काम करना शुरू करो। दीपिका पादुकोण ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पत्रकार फेय डिसूजा का एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, एक ऐसा आदमी, जो इतने बड़े पद पर बैठा है, उसका इस तरह का बयान देने काफी हैरान करने वाला है।

### 90 घंटे काम की वकालत करने वाले सुब्रह्मण्यम की सैलरी 51 करोड़, औसत कर्मचारी से 535 गुना

*नई दिल्लीः इंजीनियरिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन और एमडी एसएन सुब्रह्मण्यम सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हो रहे हैं। Reddit पर उनका एक वीडियो आया है जिसमें वह कर्मचारियों को 90 घंटे काम करने की नसीहत दे रहे हैं। उनका कहना है कि अगर उनका बस चलता तो वह रविवार को भी कर्मचारियों को ऑफिस बुलाकर उनसे काम करवाते। वीडियो में वह कर्मचारियों से कह रहे हैं, 'घर पर बैठकर आप क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं? चलो, ऑफिस जाओ और काम करना शुरू करो।' इससे सोशल मीडिया पर उनकी जमकर छीछालेदर हो रही है।*

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बड़ा एलान, सड़क दुर्घटना के पीड़ितों का होगा कैशलेस इलाज



*दिल्ली : सड़क हादसे के पीड़ितों को सरकार बड़ी राहत देने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना सरकार लाने वाली है। इसके तहत एक लाख रुपये से ज्यादा का इलाज मिल सकेगा। उन्होंने बताया है कि मार्च तक एक संशोधित योजना लाए जाने की तैयारी है।*

*गडकरी ने कहा कि यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। उन्होंने कहा, 'पायलट कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा के अनुसार पीड़ित दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक 'कैशलेस' उपचार के हकदार हैं।'*

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन का भुगतान हो नहीं तो सिंदरी कॉलेज का चक्का जाम होगा

**धनबाद**। 12 आउटसोर्सिंग कर्मचारी के वेतन भुगतान को लेकर सिंदरी कॉलेज के प्राचार्य को मायूमो नेता रोहित कुमार महतो ने ज्ञापन सौंपा। रोहित कुमार महतो ने कहा 12 आउटसोर्सिंग कर्मी का 4 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जिससे काम कर रहे कर्मचारियों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है कॉलेज प्रशासन तय समय में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हित में सकारात्मक पहल करते हुए वेतन का भुगतान करे नहीं तो बाध्य होकर कॉलेज के मुख्य गेट में तालाबंदी किया जाएगा जिसका सारी जिम्मेवारी कॉलेज प्रशाशन की होगी ।

## हाईटेक मशीनों से लैस होगा रांची का यह अस्पताल, केंद्रीय मंत्री क्या बोले

**रांचीः** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि झारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मौका था राजधानी रांची के कांके स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखने का। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का मकसद झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि इस अस्पताल के पूर्ण हो जाने पर इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों करने की कोशिश करेंगे।

**हॉस्पिटल की मुख्य विशेषतायें**

क्षमता : 200 बिस्तर। स्थान : रिनपास के समीप, कांके, रांची। परियोजना लागत : 300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग)। परियोजना अवधि : निर्माण कार्य जून 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा। संचालन और प्रबंधन : डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान



(BAVP), एक गैर-लाभकारी संगठन। परियोजना समर्थन अवधि : 6 वर्षों तक CCL द्वारा वित्तीय सहायता (VGF) प्रदान की जाएगी। भूमि का क्षेत्रफल : 5.5 एकड़, जो झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

मंत्री ने हॉस्पिटल की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। IICM का किया दौरा आधारशिला समारोह के बाद मंत्री ने भारतीय कोयला खान संस्थान (IICM) का दौरा किया, जहां उन्होंने युवा प्रबंधन प्रशिक्षुओं और "ज्योति कार्यक्रम" के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिला प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "देश के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके योगदान को मान्यता देना आवश्यक है।" उन्होंने युवा पेशेवरों को यह संदेश दिया कि वे अपने कार्य को केवल एक रोजगार के रूप में न देखें, बल्कि इसे देश सेवा के एक अवसर के रूप में अपनाएं। उन्होंने युवाओं को अपने कार्यक्षेत्र में नई सोच और नवाचार को शामिल करने का भी आह्वान किया। माननीय मंत्री श्री रेड्डी ने इस अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया ।

कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने महिलाओं की भूमिका कोयला उद्योग में सशक्त बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाना और उनके साथ तालमेल बिठाना समय की मांग है।

अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज ने महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके योगदान को कोयला क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने भारतीय कोयला खान संस्थान (IICM) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "IICM कोयला क्षेत्र के युवाओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"

यह आयोजन न केवल कोयला क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करता है, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित भी करता है। IICM के इस पहल और माननीय मंत्री के संदेश से युवा प्रतिभागियों को अपने कार्यक्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा मिली।

ये रहे मौजूदइस अवसर पर रांची के माननीय सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, छात्र के पूर्व सांसद सुनील सिंह, कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, CCL के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, CMPDIL के सीएमडी मनोज कुमार, CCL के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## दरभंगा में लाखों की ठगी : पुलिस ने 8 अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया, नकली सोना और नकदी बरामद

**गिरफ्तार आरोपी यूपी-एमपी, दिल्ली और महाराष्ट्र निवासी, वाहन जांच के क्रम में ठगी के पूरे मामले का हुआ खुलासा**

**दरभंगाः** बिहार में दरभंगा जिले के सोनकी थाना की पुलिस ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले 8 चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें पांच पुरुष है जबकि तीन महिलाएं शामिल है। इनके पास से पुलिस ने लोगों के पास से नकली 9.5 किलो आभूषण और 200 ग्राम चांदी के जेवर समेत एक लाख 15 हजार रुपये कैश बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महाराष्ट्र के नागपुर के मानोवड़ा थाने के अवधूतनगर निवासी शंकर राठौड और, यूपी के मेरठ जिले के टीपीनगर थाना अंतर्गत मलियाना निवासी हीरालाल के रूप में की गई है। इसके अलावा आगरा जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बोदला निवासी प्रेम कुमार और जग्गू सोलंकी की पत्नी देवकी सोलंकी को भी गिरफ्तार किया गया। जबकि मध्य प्रदेश के भोपाल के गांधीनगर निवासी राहुल, दिल्ली के सुल्तानपुर निवासी लक्ष्मण और उसकी पत्नी अटारी देवी और रोहिणी सेक्टर 20 निवासी शंकर लाल की पत्नी मीना देवी को भी गिरफ्तार किया गया। **नकली सोना देकर 3.50लाख रुपये की ठगी** बताया जाता है कि इस गिरोह के सदस्य गांव-गांव में घूम कर कांच से बने मन्दिर और तरह-तरह डिजाइनों में बने सामानों को लेकर बेचा करते है। इस दौरान घरों में महिलाओं को अकेला देखकर सोने के जेवरातों की सफाई करने भरोसा देकर उनका असली सोने के आभूषण को नकली सोने के आभूषण से बदल दिया करते थे। इस चोर गिरोह के सदस्य सोनकी बाजार स्थित एक कपड़ा व्यवसायी राजेश दास कर दुकान पर पहुंचे थे। बताया गया है कि गिरोह के दो पुरुष और 5 महिलए 5 जनवरी को यूपी नंबर की बाइक से आए थे। इनलोगों ने सोना बेचने के नाम पर 3 लाख 50 हजार रुपये नगद ले लिया। लेकिन जब व्यवसायी ने उस सोने की जांच कराई तो वो नकली निकला, जिसके बाद कपड़ा व्यवसायी के होश उड़ गए। तब जाकर पीड़ित व्यवसायी ने सोनकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।




## World Hindi Day : वर्ल्ड की टॉप यूनिवर्सिटीज से लेकर कई देशों की ऑफिशियल लैंगवेज हैं हिंदी

**'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।'**

**-भारतेंदु हरिश्चंद्र**

जब तक हर हिंदी भाषी इस लाइन का मतलब नहीं समझता वो अपनी भाषा के प्रति लगाव महसूस नहीं कर सकता है। ये लाइन हिंदी भाषा के महान लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र के द्वारा लिखी गई है जो उनकी कविता से ली गई है। हिंदी दुनियाभर में 26 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक इंडो -आर्यन भाषा है। ये दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली लैंग्वेज है। हिंदी भारत सरकार की राजकीय भाषा है और अंग्रेजी के साथ भारत की दो आधिकारिक भाषाओं में से एक है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जो विश्व के लगभग 600 मिलियन से अधिक लोगों के द्वारा बोली जाती है। अंग्रेजी और चाइनीज लैंग्वेज के बाद बोली जाने वाली भाषा हिंदी है। हिंदी भारत सरकार की आधिकारिक भाषा भी है। ये बात विशेष रूप से उल्लेख कर दें कि संविधान ने हिंदी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। **अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी को गौरव मिला** आज दुनियाभर में एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी को गौरव मिला हुआ है। हिंदी के महत्व और अधिक बताने के लिए इस दिन विशेष रूप से विदेशों में भारतीय दूतावासों द्वारा सेलिब्रेट किया जाता है। **वर्ल्ड की टॉप यूनिवर्सिटीज में हिंदी भाषा**



**पर होती है रिसर्च-** आज के वक्त में हिंदी के महत्व को इस बात से जान सकते हैं कि वर्ल्ड की टॉप मोस्ट यूनिवर्सिटीज में हिंदी भाषा पढ़ाई जाती है, इसके साथ ही उस पर रिसर्च भी होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन. यूनिवर्सिटी और शिकागो, यूनिवर्सिटी ऑफ वांशिंगटन में हिंदी भाषा को विदेशी छात्र पढ़ते हैं और उस पर पीएचडी भी करते हैं।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## सीएम ने बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई हिंसक झड़प की जांच का दिया आदेश



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।अगर जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई इस हिंसक झड़प को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए।

## वी ऐप पर मनोरंजन, खरीददारी और अन्य सुविधाओं के पाएं फायदे



**रांचीः** आज की व्यस्त दुनिया में कनेक्टिविटी की जरूरत तेज़ी से बढ़ रही है। लोग चाहते हैं कि ज़रूरी सुविधाएं उन्हें जल्द से जल्द मिल सकें, और वे किफायती दाम पर मनोरंजन का लुत्फ उठा सकें। वी की ओर से वन-स्टॉप डेस्टिनेशन वी ऐप ने आपकी इन सभी जरूरतों को आसान बना दिया है। यह एक ऐप से कहीं बढ़कर है- यह आपको पेमेंट, एंटरटेनमेन्ट और ई-कॉमर्स की सुविधाएं देता है, साथ ही आपके वी अकाउन्ट को मैनेज करने में भी मदद करता है। यही कारण है कि आज वी ऐप लाखों उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। जरूरत के समय डेटा खत्म होना कई बार तनाव का कारण बन जाता है। लेकिन वी ऐप के साथ 'अनलिमिटेड डेली डेटा पैक' का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता डेटा कोटा खत्म हो जाने के बाद भी रीचार्ज कर सकते हैं, चाहे स्पीड 64 केबीपीएस से भी कम हो। इस फीचर के चलते आपको रीचार्ज करने के लिए किसी से वाय-फाय या हॉटस्पॉट उधार नहीं लेना पड़ेगा। यहां तक कि कम स्पीड पर भी ऐप का एमरजेन्सी एक्सेस सुनिश्चित करता है कि आप बिना किसी परेशानी के रीचार्ज कर सकें, पेमेंट कर सकें, या जरूरी मदद पा सकें। वी के उपभोक्ताओं को हमेशा वी ऐप पर कुछ बेहतर ही मिलता है! रु 579 और रु 859 के पैक पर एक्स्ट्रा डेटा हो या रु 795 पर एक्स्ट्रा वैलिडिटी या अन्य रीचार्ज पर फ्लैट डिस्काउन्ट ! इसके अलावा वी ऐप पर कोई भी रीचार्ज करने पर आपको कोई कन्वीनिएन्स शुल्क नहीं देना पड़ता। सालाना पैक के साथ रीचार्ज करने वाले वी के यूज़र रु 100 तक का एक्सक्लुजिव डिस्काउन्ट और 50 जीबी एक्स्ट्रा डेटा पा सकते हैं। वी ऐप के द्वारा आप रु 0 कन्वीनिएन्स शुल्क पर विभिन्न प्रकार के युटिलिटी पेमेंट आसानी से कर सकते हैं। आप इस ऐप के जरिए बिजली, पाईप्ड गैस, पानी, ब्रॉडबैण्ड के बिल चुका सकते हैं, डीटीएच या फास्टैग रीचार्ज कर सकते है।

## झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को सरकार दे रही बढ़ावाः जितेंद्र सिंह



**रांचीः** सीआईआई झारखंड और सीआईआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट का आयोजन शुक्रवार को ऑड्रे हाउस, रांची में किया गया। इस समिट में "हेरिटेज होराइजन ट्राइबल इनोवेटर्स फोरम" विषय पर चर्चा हुई। समिट के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उद्योग विभाग उन्हें कई तरह के लाभ और सब्सिडी देकर उनको आगे बढ़ा रही है। ट्राइबल समुदाय से कई उद्यमी अपना कारोबार कर रहे है। यह एक बदलाव की शुरुआत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ट्राइबल समुदाय को अधिक से अधिक उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करें और इसके लिए ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से इस पॉलिसी को शामिल करेंगे। इसका ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। उद्योग सचिव ने कहा कि झारखंड में प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को अधिक से अधिक फायदा मिले, इसका प्रयास होना चाहिए। इसके लिए उद्योग विभाग और वित्त विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए सीआईआई समेत कई व्यावसायिक संगठन अलग-अलग तरीके से कम कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को अपील किया कि किसी भी तरह का सुझाव हो तो विभाग को जरूर बताएं। सरकार हर कदम आपके साथ है।




THE Almost COMPLETE INDIAN TAKEOVER OF USA CORPORATE ! * With Neal Mohan becoming the CEO of YouTube, these are the 25 big firms led by Indian Americans with a total market value of 5 trillion dollars ! A very India moment in Corporate history.

THE Almost COMPLETE INDIAN TAKEOVER OF USA CORPORATE ! * With Neal Mohan becoming the CEO of YouTube, these are the 25 big firms led by Indian Americans with a total market value of 5 trillion dollars ! A very India moment in Corporate history.

## हाथ जोड़ कर क्षमा मांग रहे है,कोई नशे की तस्करी मत करो", रांची पुलिस के सामने जब गिड़गिड़ाने लगा ब्राउन शुगर का तस्कर



**रांची** : राजधानी रांची में नशे के सौदागरों पर पुलिस कार्रवाई करने में जुटी है। विभिन्न थाना क्षेत्र से नशे के कारोबारी को दबोच कर सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में ब्राउन शुगर का तस्कर कन्हैया को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो वह हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाने लगा। अन्य लोगों से अपील करने लगा की नशे के कारोबार में मत आइए। यह बहुत गलत रास्ता है। मालूम हो की कन्हैया समेत तीन ब्राउन शुगर तस्कर को सुखदेवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान तस्करों के पास से 11.48 ग्राम ब्राउन शुगर,04 मोबाईल फोन,एक बाइक और 2300 रुपये नगद बरामद किया गया है।

बता दे कि रांची में नशे का कारोबार सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में फल फूल रहा है। तस्कर युवाओं को पैसे का लालच देकर ब्राउन शुगर की बिक्री कराते है। कई बार पुलिस ने कार्रवाई किया और तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा बावजूद यह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन रांची पुलिस का साफ निर्देश है किसी भी कीमत पर ब्राउन शुगर या अन्य कोई मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। कोतवाली डीएसपी के नेतृव में टीम लगातार नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## सदस्यता लेने के बाद बोले रघुवर दास- संगठन का दास होना गर्व की बात, सेवक बनकर आपकी सेवा में हाजिर हूं



**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में दोबारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई द्वारा बनाये झारखंड राज्य की भूमि पर अपनी पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधान सेवक हैं और मैं भी सेवक बन कर आपकी सेवा में हाजिर हूं। सूर्य उत्तरायण में जाएगा, लेकिन इस बार वर्ष 2025 का सूर्य महाकुंभ के साथ आया है और इस महाकुंभ में अमृत पान झारखंड का हर निवासी करेगा। विगत वर्ष 2024 से सबक लेते हुए 2025 के नए वर्ष में नई ऊर्जा,नई उमंग और नए उत्साह के साथ हमें झारखंड की जनता के हित के लिए लड़ना है, जूझना है और विजयी होना है।

रघुवर दास ने कहा कि 10 जनवरी 2025 का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करनेवाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं। 26 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी के सदस्य से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावुक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में पूरी पार्टी ने एकजुट होकर विजय दिलाने के संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत की इसकी में प्रशंसा करता हूं, लेकिन परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। राजनीतिक जीवन में हार जीत लगी रहती है। जय पराजय जीवन का हिस्सा है। हम लोगों ने वह दिन भी देखा है जब 1984 में हमारे दो सांसद थे, तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे। लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए। उन्होंने कहा कि सत्ता हमारे लिए साधन है, जनता की सेवा करने का। सत्ता मेवा का साधन नहीं है। देश के लोगों ने भाजपा का शासन देखा है। इसी कारण लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार आई है। आज देश के 22 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, मैं उसका सम्मान करता हूं। झारखंड की जनता ने गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। इंडी गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है। इसका हम सम्मान करते हैं। वही जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता सरकार से अपील किया कि वह अपने वादे पूरे करें। हम कुछ महीने इंतजार करेंगे कि गठबंधन सरकार जनता से किये अपने वादों को पूरा करें। अन्यथा भाजपा जनहित के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार को वादे पूरा करने के लिए मजबूर करेंगे। अंत मे उन्होंने 4 पंक्तियों से कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिस पल की मुझे महीनों से थी आस आपकी उपस्थितति बनाती है खास खत्म करके अपनी जिम्मेवारी का प्रवास घर आया है आपका अपना झारखंड का दास।

## उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने किया औचक निरीक्षण



तमाड़ प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण प्रखंड सह अंचल कार्यलय में निजी संस्थान द्वारा चल रहें भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच कराने के निर्देश दिए अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार प्रसार कराने का निर्देश रांची।आमजनों कि विभिन्न जगहों से मिल रही शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय तमाड़ का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रखंड सह अंचल कार्यलय में निजी संस्थान द्वारा चल रहें भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच कराने के निर्देश दिए उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यलय में सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान (निजी संस्थान) द्वारा चल रहें भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच करने के निर्देश दिए। संस्थान द्वारा 350 रूपये लोगों से लिया जा रहा था। जिसको लेकर उपायुक्त द्वारा संस्थान द्वारा दिए जा रहें 2 माह के प्रशिक्षण सर्टिफिकेट की उपयोगिता की जाँच कराने का भी निर्देश दिया गया। अबुआ आवास एवं प्रखंड प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यो की समीक्षा की गई उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की एवं पिछले वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिया गया। अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार प्रसार कराने का निर्देश उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये "अबुआ साथी " व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा। ताकि आम लोग अपनी शिकायत सीधे तौर पर जिला प्रशासन से कर सकें। **समुचित साफ-सफाई का निर्देश** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पूरे प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा की कार्यालय को स्वच्छ रखना सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी आम नागरिकों को किसी परिस्थिति में सरकारी कार्यालयों का चक्कर नही काटना पड़े ये सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करें। आम लोगों को काम करवाने के लिए किसी प्रकार कि देन-लेन कि शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई कि जाएगी।

**निर्माण हो रहें अबुआ आवास का निरीक्षण** रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा तमाड़ पूर्वी में बन रहें अबुआ आवास देखते हुए इसे जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया एवं यहाँ कुछ महिलाओं से मिल कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में आई इसकी जानकारी लेते हुए इस राशि का सही उपयोग करने को कहा। बहुत सी महिलाएं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान राशि मिलने की बहुत खुशी जाहिर करते हुए कहा की राज्य सरकार की इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव लाया है।

तमाड़ पूर्वी में स्थित मंदिर के बाहर गंदगी और चापानल के आगे पानी जमा रहने को लेकर उपायुक्त द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी तमाड़ को मुखिया श्रीमती धनमणि देवी पति श्री सोनाराम मुंडा को शो कॉज करने का निर्देश दिया।

**भूमिहीन महिला ने गुहार लगाई** तमाड़ पूर्वी में निरीक्षण क्रम में उपायुक्त रांची से अनीता देवी पति स्व. मंगल मछूवा द्वारा कहा की मेरी मदद करें। मैं भूमिहीन महिला हूं। जिसपर उपायुक्त द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्हें निर्देश दिया की विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए भूमिहीन महिला को भूमि उपलब्ध कराए।

जानकारी हो कि उपायुक्त रांची लगातार सभी अंचलों, प्रखंडों, सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। उन्होंने कहा है, कि इसी तरह निरीक्षण और कार्रवाई होते रहेगी।

## घूमधाम के साथ मनाया जाएगा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का पहला वर्षगांठ : प्रवीण सिंह राणा



चान्हो - प्रखंड के हर मंदिर एवं प्रत्येक गांव में होगी साज सज्जा, महाआरती ,प्रसाद वितरण | अयोध्या में राम जन्म भूमि पर बने राम लल्ला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ हिंदी महीने के तिथि अनुसार कल 11 जनवरी को मनाया जाएगा। इस विशेष दिन को और भी विशेष बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या समेत पूरे देश में तैयारी कर लिए है ।विहिप संपूर्ण सनातन समाज से यह आह्वाहन करता है कि कल अपने आस पास के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना ,महाआरती ,सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ जैसे धार्मिक अनुष्ठान में अवश्य भाग ले। ये जानकारी बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख प्रवीण सिंह राणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## कड़िया मुंडा से मुलाकात करने अस्पताल पहुंचे वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की



रांची : झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कड़िया मुंडा से मिलने मेडिका अस्पताल पहुंचे। जिसमें रविंद्र सिंह, रमा खलखो, किशोर नाथ शाहदेव व अन्य शामिल थे। कड़िया मुंडा को इलाज के लिए मेडिका अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कड़िया मुंडा से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, इस दौरान कड़िया मुंडा बोल रहे थे। डॉक्टरों ने बताया कि वह पहले से बेहतर हैं। नेताओं ने कड़िया मुंडा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुंडा से बात करने के क्रम में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आप न सिर्फ एक राजनेता है अपितु झारखंड राज्य के अभिभावक भी हैं। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि कड़िया मुंडा शीघ्र स्वस्थ होकर राज्यवासियों को अपना आशीर्वाद दें।

## जागरूकता और दूरदृष्टि के साथ अपने विकास का संकल्प ले तुरी समाज : बंधु तिर्की



**रांची** : पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अति प्राचीन काल से पूरे समाज में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता के साथ अपना अस्तित्व कायम रखने वाले तुरी समुदाय को अपनी पूरी जागरूकता और दूरदृष्टि के साथ अपने विकास का संकल्प लेने की जरूरत है। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस की सहभागिता वाली इंडिया गठबंधन की सरकार इस बात का पूरा प्रयास कर रही है कि झारखण्ड में सभी जातियों, जनजातियों और हर समुदाय का सरकार के सहयोग से समन्वित, सार्थक और तेजी से विकास हो और सभी को उसकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिले। आज राजधानी रांची के दीनदयाल नगर में तुरी समाज के उत्थान, विकास और भागीदारी विषय पर आयोजित संयुक्त तुरी संवाद का आयोजन किया गया जिसमें झारखण्ड के विविध जिलों के तुरी समुदाय के लोग शामिल हुए, इस संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में श्री तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी समाज को आगे बढ़ाना है तो उसके नेतृत्वकर्ताओं एवं अगुवाओं को समयबद्ध सुनिश्चित योजना के अनुरूप कार्रवाई करनी होगी और हर हाल में समाज की एकजुटता को कायम रखना पड़ेगा। श्री तिर्की ने कहा कि सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ भावनात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों को जानने-समझने के साथ ही दूसरे लोगों को भी उससे परिचित कराने की जरूरत है अन्यथा समाज के वंचित तबके की स्थिति और भी दयनीय हो जायेगी। उन्होंने कहा कि वह न केवल तुरी समाज बल्कि झारखण्ड में हर एक जाति और संप्रदाय के सम्मान और विकास के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं। इसके साथ ही जिन जातियों और जनजातियों की आबादी कम है उन्हें भी समान विकास और अवसर प्राप्त करने का उतना ही अधिकार है जितना किसी और को. श्री तिर्की ने तुरी समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता जतायी और कहा कि अदूरदर्शिता पूर्ण रवैये के कारण तुरी समाज के हाथ से परंपरागत बांस का पेशा व व्यापार दूर होता जा रहा है और इस मामले में गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

उन्होंने उदाहरण दिया कि बंगलुरु के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में जिस प्रकार से बांस की कालीकृतियों से योजनाबद्ध इंटीरियर किया गया है वह अपने-आप में इस बात का प्रमाण है कि बांस की परंपरागत, कलात्मक एवं उपयोगी वस्तुओं के निर्माण की बहुत अधिक संभावनायें हैं और अवसर भरे पड़े हैं. बंधू तिर्की ने इस बात पर जोर किया कि बांस के उपयोग के संदर्भ में तीव्र गति से अनुसंधान किया जाना चाहिये और इस मामले में वे राज्य सरकार के समक्ष सारी बातों को रखेंगे।

इस संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोतीलाल मिर्धा ने कहा कि परंपरागत रूप से तुरी समाज अनुसूचित जनजाति है लेकिन जिस प्रकार से इसे अनुसूचित जाति की श्रेणी में डाला गया है और वन पट्टा के मामले में बहुत सारी प्रतिकूल बातें खुलकर सामने आ रही है उसके कारण तुरी समाज का हित गहराई से प्रभावित हो रहा है जिसका नकारात्मक प्रभाव समाज के विकास पर पड़ा है. उन्होंने कहा कि तुरी समाज के लोग बड़ी संख्या में आर्थिक अभाव और संकट से गुजर रहे हैं. आज की बैठक में तुरी के संगठनात्मक समाज, तुरी समाज के हित के लिये काम करने और इस सन्दर्भ में एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिये सात सदस्यीय तदर्थ समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

बैठक में झारखण्ड राज्य विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, रांची की पूर्व मेयर रमा खलखो, कांग्रेस नेता किशोरनाथ सहदेव, शांतनु मिश्रा, डॉ. एम तौसीफ, राजेश गुप्ता छोटु, शिवा कच्छप, अजीत कुमार सिंह, मचकूर सिद्दीक़ी, इंदिरा देवी तुरी, मोतीलाल तुरी, अर्चना मिर्धा, राजेन्द्र तुरी, मनोज तुरी, कृष्णा मांझी, पुनीत तुरी, सकलदेव तुरी, सुरेश तुरी, श्रीकांत तुरी, उमेश तुरी, राजकुमार तुरी, तपेश्वर मिर्धा, हरि तुरी, महेश तुरी, प्रयाग तुरी, पिन्टू तुरी, तपेन्द्र प्रसाद, प्रदीप मिर्धा सहित बड़ी संख्या में झारखण्ड के विविध जिलों से आये तुरी समाज के लोगों ने भाग लिया।

## भाजपा में रघुवर दास पुनः आए या मरांडी जाए अब झारखंड की सत्ता में भाजपा का आना मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह



भाजपा में रघुवर दास पुनः आए या मरांडी जाए अब झारखंड की सत्ता में भाजपा का आना मुंगेरीलाल के हसीन सपनो की तरह है। उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सत्ता से बेदखल किए पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास की भाजपा में सदस्यता ग्रहण वापसी के नाम पर भाजपाईयों के द्वारा महिमामंडित करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही । इन्होने यह भी कहा कि भाजपाई लोग कितनो ही नाटक कर ले मगर झारखंड की जनता ने इनके 17 वर्षो के कार्यकाल को देखा है और इनके द्वारा किये गये झारखंड विरोधी कार्यो के प्रति ही भाजपा को सत्ता से बेदखल किया है ।

नायक ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एक असफल मुख्यमंत्री रहे हैं और झारखंडी समाज विरोधी भी है । भाजपा आलाकमान के आदेश पर पार्टी में वापसी महिमामंडित कर सिर्फ पार्टी में चल रहे भीषण गुटबाजी एंव बाबूलाल मरांडी को किनारे करने की नाकाम कोशिश भर है ! इन्होने यह भी आरोप लगाया कि श्री दास के नेतृत्व में ही हाथी उड़ाकर झारखण्डी समाज के खुन पसीना की कमाई को उड़ा कर आदिवासी मूलवासी समाज को बेवकूफ बनाने का काम किया और राज्य कोष से पैसा निकालकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया ! वे झारखंड मे भाजपा के मुख्यमंत्री के रुप मे अंतिम मुगल बादशाह शाबित हुए और उनका राज्यपाल का कार्यकाल भी विवादग्रस्त रहा । रघुवर दास की पार्टी में वापसी होने से न तो झारखंडी समाज का भला होने वाला है और ना ही भाजपा को भविष्य मे कोई फायदा होगा बल्कि भाजपा को और घाटा होगा ।

नायक ने साफ शब्दो मे कहा कि रघुवर दास सौ प्रतिशत आदिवासी मूलवासी विरोधी नेता है और आदिवासी मूलवासी समाज के लोग भी इन्हे एक पैसा पंसद नही करते है जिस कारण ही इनको सत्ता से हटाया तो हटाया ही इनके परम्परागत विधान सभा से भी बुरी तरह हराकर इनकी झारखंड में राजनिति खत्म कर दिया था । फिर पांच वर्ष के बाद झारखंड की राजनिति मे आये है जो सफल नही होने वाला है ।

## पशु क्रूरता और तस्करी पर रोक लगाने की मांग



**रांची**ः पशु क्रूरता निवारण समिति झारखंड प्रदेश की कार्य समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।बैठक में राज्य में हो रहे पशु क्रूरता तथा पशु तस्करी की घटनाओं पर गहन चिंता करते हुए क्षोभ प्रकट किया गया। बैठक में एसपीसीए के निरीक्षकों को शीघ्रपस्थापित करने का निर्णय लिया गया। समिति के वरीय उपाध्यक्ष पूर्व डीआइजी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की झारखंड उच्च न्यायालय के 18 दिसंबर 2023 के न्यायादेश के आलोक में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत किया गया है। बैठक में समिति के सचिव डॉक्टर हरे राम सिंह,संयुक्त सचिव राम सुभग सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तथा समिति की कोषाध्यक्ष शीला कुमारी उपस्थित रहे।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का विशाल भंडारा आज



रांचीः श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब रांची के तत्वधान में श्री राम लला जन्म भूमि के प्रथम वार्षिक महोत्सव के उपलब्ध में श्री चैती दुर्गा मंदिर में भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें मंदिर में सुबह 11:00 बजे से मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा एवं दोपहर 1:00 बजे से विशाल भंडारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू,रमेश सिंह, उदय साहू,राजकुमार गुप्ता,अध्यक्ष शंकर दुबे, कुमार राजा, शेकर गुप्ता, दीपू सिंह, गणेश सिंह, गोपाल पारीक, विशाल कृष्णा, दीनदयाल,मेहश चन्द्रा एवं संस्था के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण के द्वारा ये कार्यक्रम कों सफल बनाया जा रहा है। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।



रांची।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बीएसएफ आईजी के० एस० बनियाल, बीएसएफ डीआईजी गणेश, बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट विनोद एवं संत जेवियर्स एक्सआईएसएस के फादर अजीत खेस ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नूतन वर्ष की मंगलकामनाएं दी।

## दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में घायल बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार के पिता से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित ली पूरी जानकारी



**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना_ की । _मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।अगर जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी।

अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई इस हिंसक झड़प को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

# मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने हेतु आयोजित की गई समीक्षा बैठक

बुण्डू, राँची में प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड, राँची तथा महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड राँची की अध्यक्षता में अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने हेतु आयोजित की गई समीक्षा बैठक।

आज दिनांक-10.01.2025 को प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड एवं पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड द्वारा संयुक्त रूप से राँची एवं खूँटी जिले में अवैध अफीम की खेती के उन्मूलन और अवैध मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई एवं समीक्षोपरान्त आवश्यक. दिशा-निर्देश दिये गये।

प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने NDPS से संबंधित संयुक्त रूप से अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा कठोर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उन्होनें विशेष रूप से उन सभी मामलों की समीक्षा की, जिसमें Large या Commercial quantity में अवैध मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। अवैध मादक पदार्थ का सेवन / खेती/व्यापार आदि की रोकथाम हेतु व्यापक रूप से समीक्षा



करते हुए संयुक्त रूप से बिन्दुवार निम्नांकित निर्देश दिये गए :-• अवैध अफीम की खेती की रोकथाम हेतु संबंधित एजेंसी यथा-राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग एवं पुलिस विभाग सूचना संकलन कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए, संयुक्त रूप से अवैध अफीम की खेती किये जाने वाले जमीन (स्थल) सरकारी, रैयती एवं वन भूमि का पता लगा कर आवश्यकतानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई करें।

• राँची, खूँटी जिला अफीम की खेती को लेकर सर्वाधिक प्रभावित जिला हैं। इन जिलों में अवैध अफीम की खेती की पूर्ण रोकथाम हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# झारखंड में खुलेगा राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र

रांची। झारखंड में केंद्र सरकार प्रायोजित राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इसके लिए खूंटी के डियर पार्क के पास पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। फिलहाल संस्थान शुरू करने के लिए स्मार्ट सिटी स्थित जुपमी भवन को किराये पर लेने की सहमति बनी । मुख्य सचिव अलका तिवारी शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने को लेकर अधिकारियों संग बैठक कर रही थीं। बैठक में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार ने बताया कि संस्थान में योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करनेवाले कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा और उनकी क्षमता संवर्धन किया जायेगा। सिर्फ झारखंड में ऐसे कर्मियों की संख्या 80 हजार के करीब है, जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिका इत्यादि शामिल हैं। बताते चलें कि झारखंड में स्थापित हो रहा यह संस्थान झारखंड समेत पूर्वी भारत के राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं बिहार में योजना संचालित करनेवाले कर्मियों के प्रशिक्षण का भी केंद्र बनेगा। राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान



का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र फिलहाल गुवाहाटी, बेंगलुरु, इंदौर, लखनऊ और मोहाली में चल रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी के अलावा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव श्री चंद्रशेखर, सूडा के निदेशक अमित कुमार आदि शामिल थे।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्यः अबु इमरान

रांचीः स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सभी कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए स्टेट रिव्यू मिशन(एसआरएम) का गठन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक और राज्य नोडल पदाधिकारियों की अगुवाई में एनएचएम के परामर्शियों और समन्यवकों की जवाबदेही तय करते कुल 12 टीमें गठित की गई है। उक्त टीम जिलों में जा कर जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर भ्रमण कर राज्य स्तर पर प्रतिवेदन समर्पित करेगी। टीम के सदस्यों के ओरिएंटेशन के लिए शुक्रवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना होना चाहिए। मानव संसाधन से इस दिशा में कैसे काम लें इस पर और रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही



सुविधाओं के कमियों के आकलन और सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए राज्य स्तरीय टीम का गठन किया गया है, जो जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा कर इस दिशा में काम करेगी। अभियान निदेशक ने अभी हाल ही में हुए कॉमन रिव्यू मिशन (सी0आर0एम0) के दौरे से संबंधित फाइंडिंग्स और कृत कार्रवाई की भी जानकारी ली। एनएचएम कर्मियों के लिए तैयार हो रही एचआर पॉलिसी की भी जानकारी अभियान निदेशक ने ली और आवश्यक निर्देश दिए। सभी राज्य नोडल अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि तय समय सीमा के अंदर सभी प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ चंद्र किशोर साही ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में वंचित और अभावग्रस्त लोगों के लिए विशेष भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समुदाय में डिमांड जेनरेट होगा तभी लक्ष्य की प्राप्ति होगी। नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेन्टर की सलाहकार मोना गुप्ता और लीड कंसल्टेंट श्वेता ने पी0पी0टी0 के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया की रिव्यू मिशन (सी0आर0एम0) तभी सफल होगा जब कमियों के आकलन के बाद उसके समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। सी0आर0एम0 विजिट के दौरान हुए बदलाव को भी सस्टेन रखने की जरूरत की वकालत की। नव गठित सी0आर0एम0 टीम के सदस्यों की भूमिका तय करने और एक समय सीमा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया। कार्यक्रम में डॉ जॉन एफ कैनेडी, डॉ बीके सिंह, डॉ रंजीत प्रसाद, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ पुष्पा, डॉ कमलेश कुमार, डॉ अनिल, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कू, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के परामर्शी, समन्वयक और डेवलपमेंट पार्टनर्स के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता,कार्य करने में आनंद आता हैः रघुवर दास

रांचीः पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि एक मजदूर के बेटे को पार्टी ने बहुत कुछ दिया। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो निष्ठावान कार्यकर्ताओं को शिखर तक पहुंचाती है। मुझे मुख्यमंत्री ,राज्यपाल बनाया।अब मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं। एक ही उद्देश्य झारखंड को राष्ट्र विरोधी शक्तियों से बचाना। लोकतंत्र का दूसरा मंत्र है लोकजागरण। हमें झारखंड को घुसपैठियों और धर्मांतरण कराने वाली ताकत से बचाना है।

उन्होंने कहा कि मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता हूं और संगठन कार्य करने में मुझे खुशी मिलती है।

कहा कि भाजपा जनादेश का सम्मान करती है।जनता ने विधानसभा चुनाव में विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता एम्बेसडर बनकर संगठन और जनता के बीच कार्य करेंगे। हम फिट और फाइटिंग भाजपा बनाना है। सदस्यता अभियान में लाखों लोगों को पार्टी से जोड़ने




का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

बीजेपी सभी धर्म संप्रदाय का सम्मान करती है लेकिन लोभ लालच के बल पर हो रहे धर्मांतरण को पार्टी नहीं बर्दाश्त करेगी। कहा कि आज फिर से PFI जैसे संगठन सक्रिय हैं।संथाल परगना को टारगेट किया जा रहा। जबकि उनकी सरकार ने पीफ़आई और प्रतिबंध लगाए थे। राज्य सरकार अगर घुसपैठियों और अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो बीजेपी चुप नहीं बैठेगी।

उन्होंने कहा भाजपा छह महीने तक राज्य की गठबंधन सरकार को वादे को पूरा करने उसके लिए नीति बनाने का समय देती है।

## खटंगा को हराकर लपंगा ने जीता आनन्द स्मृति फुटबॉल टुर्नामिंट का खिताब



**रांची**ः शिव शिष्य परिवार, रांची द्वारा जयडीहा पंचायत खेल मैदान बरतुआ, गणेशपुर, गुरगाई में दीदी नीलम आनन्द स्मृति फुटबॉल टुर्नामेंट का फाइनल मैच सरना युनाइटेड लपंगा भुरकुंडा बनाम केपी एल खटंगा बनाम के बीच खेला गया। जिसमें लपंगा ने खटंगा को ट्राब्रेकर में 3-2 से पराजित किया। लपंगा के गोल किपर राहुल टुडु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन रांची के अध्यक्ष बरखा सिन्हा एवं शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन रांची के मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द ने विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं शिल्ड एवं उप विजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया।मौके पर अर्चित आनंद ने कहा कि खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास में सहायक है , झारखंड में प्रतिभा असीम है जरूरत है उनको तराशने की ।अवसर पर श्री राजन,श्री परिमल,श्री कुणाल,श्री रामदेव सहित जयडीहा पंचायत के पुर्व मुखिया बिनोद बेदिया, उप मुखिया नीलाम्बर खरवा,पुर्व उप मुखिया नवीन कुमार, पं स सदस्य प्रवेश भोगता, ग्राम प्रधान शंकर करमाली, सचिव बिनोद कुमार महतो,कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मिडिया प्रभारी रामप्रसाद सिंह, दीपक नायक, जीवन मुंडा, मोहित करमाली , नीतीश मुंडा, प्रकाश बेदिया, प्रीतम सिंह , प्रदीप बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, दिनेश करमाली, कामेश्वर बेदिया, सत्यनारायण मुंडा, रमेश कुमार महतो का सराहनीय भुमिका रहीं।

## वैकुण्ठाधिपति के द्वार वैकुंठ महोत्सव पर श्रद्धालुओं की लगी कतार



**रांची**ः दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी)मंदिर में श्रीवैकुंठ एकादशी तिथि को लेकर 10 जनवरी शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हुई । अभी 9 जनवरी से 12 जनवरी तक वैकुंठोत्सव मनाये जा रहे हैं । महोत्सव के दूसरे दिन 10 जनवरी शुक्रवार को जिन भगवान श्रीमन्नारायण के एक-एक अंगों में सभी देवताओं का वास है, उन परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का दूध दही हल्दी चंदन शहद डाभयुक्त जल गंगाजल आदि से वैदिक विधिपूर्वक महा स्नान कराया गया। फिर दिव्य वस्त्र और आभूषणों से अलंकार समर्पण कर भांति भांति उपचार पूर्वक भगवान की आराधना महाआरती स्तुति आदि विधान पूर्वक प्रातः वदंन नित्य पूजार्चन पूरा किया गया। तदोपरांत वैकुंठ महोत्सव के अवसर पर श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान के दूसरे दिन प्रथम पाली आठ बजे शुरू हुआ। क्रमानुसार सहस्त्रार्चन रात्रि सात बजे तक चला । जिसमें 250 कूपनधारी यजमान परिवार सम्मिलित हुये और अन्य श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ हुई दिनभर भक्तों से मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा। जय -जयकार की ध्वनि और मंत्रों के स्वर से एक अलौकिक वातावरण देखते हि बनता था। आज के महाअभिषेक के यजमान श्री दीपक श्रीवास्तव पत्नी सरिता श्रीवास्तव रांची निवासी हुए । जबकि सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान में मुख्य रूप से सर्वश्री राम अवतार नरसरिया रमेश धरनी धरका घनश्याम दास शर्मा रामवृक्ष साहू समर्थ अग्रवाल सक्षम अग्रवाल शशि भूषण सिंह अनीश अग्रवाल सुनील यादव अनीता रंजन अर्चना झा मंगल प्रिया डॉ उषा नर्सरिया मुरारी शर्मा सुशील पोद्दार सुशील गरोदिया आदि

## 15 दिनों के अंदर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करें, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का अधिकारीयों को निर्देश



**रांची** : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान इस दौरान मंत्री शिल्पी ने 15 दिनों के अंदर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को प्रमाण पत्र के लिए प्रखंड कार्यालय और पंचायत सचिवालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिसे जल्द समाप्त किया जाएगा। उन्होंने पंचायत सचिवों को इस प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर पूरा करने का आदेश दिया। बैठक के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कुआं निर्माण में गड़बड़ी पर भी अधिकारीयों को फटकार लगाया। जिसमें बिना काम पूरा हुए राशि की निकासी और योजना के बंदर-बांट की बात सामने आई। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में हाथी और जंगली भालू के आतंक से बचाव के लिए कैंप लगाने का निर्देश दिया। मंत्री ने लापुंग के कृषक पाठशाला का भी निरीक्षण किया। बकरी और मछली पालन को लेकर उन्होंने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए।



कन्हैया कुमार को गिरफ्तार करने वाली पूरी टीम को सिटी एसपी के तरफ से दिया गया प्रशस्ति पत्र,कोतवाली डीएसपी टीम को कर रहे थे लीड...

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## लोहरदगा के इस गांव से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार




**लोहरदगा** : से बड़ी खबर सामने आ रही है। ज हां अलकायदा का संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी को लोहरदगा के चितरी गांव से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एटीएस झारखंड और स्पेशल सेल दिल्ली ने कांड संख्या 301/24 में आरोपी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस की मदद से शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है। उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लेकर आएगी।

दरअसल भारत में खिलाफत घोषित करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने भारत सरकार की केंद्रीय एजेंसियों और अलग अलग राज्यों की पुलिस की मदद से पिछले साल झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले हैं। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था। इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सीएम हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान है। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची लेक का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है। यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है, इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हो इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड पर्यटन हब के रूप में पहचाना जा सके इसके लिए पर्यटन विभाग, वन विभाग तथा नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे।

पर्यटन स्थल के विकास से रोजगार सृजन होंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने तोपचांची लेक को विकसित किए जाने संबंधित प्रारूप के हरेक पहलुओं से अवगत हुए तथा बिंदुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसका भी ख्याल अनिवार्य रूप से रखें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तोपचांची झील के विकसित होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजन होंगे।

**ये होंगे आकर्षण का केन्द्र..**

तोपचांची झील और उसके आसपास 33 एकड़ भूमि टूरिस्ट हब के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है, जिसमें रिजॉर्ट, जंक्शन, प्लाजा, एक्टिविटी पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क।

## मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा ने मजदूरों को संबोधित किया



**धनबाद। तिसरा।** किसी भी कीमत पर नॉर्थ तीसरा डिपार्टमेंटल परियोजना को बंद नहीं होने देंगे प्रबंधन को पूर्व का समझौता लागू करना होगा उक्त बातें राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा ने एम ओ सी पी कम्युनिटी हॉल में यूनियन की ओर से आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन का नीति मजदूर के खिलाफ है। सार्वजनिक उद्योग को बंद करना चाहता है। निजीकरण एवं एमडीओ मोड़ के ख़िलाफ़ पूरे बीसीसीएल में हमारे संगठन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि मजदूर का अस्तित्व संकट में है अस्तित्व बचाने के लिए सभी लोगों को एक मंच पर आकर विरोध करना होगा तब ही भाजपा के निजीकरण करने के मानसा के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ना होगा तभी हम निजीकरण को रोक सकते हैं। यह बहुत बड़ी लड़ाई है सरकार के नीति के खिलाफ हम लोगों को लड़ना है। नॉर्थ तीसरा डिपार्टमेंटल परियोजना के मामले में उच्च अधिकारी से बात करेंगे और पूर्व का फैसला लागू करने की मांग करेंगे। अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार अम्बष्ट ने किया संचालन सुनील राय ने किया। मौके पर संतोष महतो मिथिलेश सिंह रामपृत यादव वीरेंद्र पासी तेज बेलदार एसके साही महेश निषाद, मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह पूर्व मुखिया संजय महतो भोला सिंह काली पद रवानीके अलावा संयुक्त मोर्चा के कन्हैया सिंह धर्मेंद्र राय फागु नापित, सुजीत मंडल, योगेश यादव,उमाशंकर प्रसाद आदि थे।

## अपर समाहर्ता ने सुनी जनता की समस्याएं निष्पादन का निर्देश



**धनबाद।** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, गांव में नाली एवं पानी की समस्या, चौकीदार की नियुक्ति से संबंधित, कोला कुसमा के आवासीय क्षेत्र में लकड़ी मिल एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स( कारखाना ) से हो रहे प्रदूषण से संबंधित मामले, रैयती जमीन पर जबरन अबुआ आवास से संबंधित मामले, आउटसोर्सिंग द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कोयला का अवैध उत्खनन के संबंधित, जमीन का म्युटेशन रद्द करने से संबंधित मामले, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामले, बीसीसीएल में भूमि अधिग्रहण के बदले नियोजन के मामले, कैंसर पीड़ित के इलाज से संबंधित मामले, आर्म लाइसेंस, जमीन की रजिस्ट्री, भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा के मामले, सरकारी पेयजल कुँआ को नवनिर्मित मकान से तीन तरफ से घेरने के मामले, भूमि मापी के मामले, पेंशन के मामले, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं।

उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## राजधानी में दिनदहाड़े नकदी सहित लाखों की चोरी



**रांची** । शहर के कांके रोड के विद्यापति नगर स्थित ईश्वरी एन्क्लेव में दिनदहाड़े शुक्रवार को लाखों का चोरी का मामला प्रकाश आया है। फ्लैट के मालिक यशवंत सिंह के मुताबिक, घर में कोई नहीं था। दो लोग कार में आये और घर का ताला तोड़कर सात लाख रुपये नकदी और 25 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर फरार हो गये। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में यशवंत सिंह ने अज्ञात दो चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज मिला है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## सड़क - सुरक्षा को लेकर डीडीसी ने दिलाई शपथ



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरजा शंकर प्रसाद ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खालखो, डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती एन एस कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीआरपीएफ के प्रतिनिधि,सर्जेंट मेजर, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधिगण, सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा का अनुपालन करना अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी को सड़र सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई, जिसका सभी ने दोहराव किया। उन्होंने कहा कि हम आज यह शपथ लेते हैं कि.. एक जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभाते हुएः- सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे। सड़क पर बाई ओर सावधानीपूर्वक चलेंगे। कभी भी दौड़कर सड़क पार नहीं करेंगे। अधिकृत ड्राइविंग उम्र होने पर ही वाहन चलाएंगे। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएंगे। दो पहिया वाहन पर दो व्यक्ति से अधिक सफर नहीं करेंगे। चार पहिया वाहन चलाते या सफर करते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएंगे।

## क्षेत्र के भिखराजपुर पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को पशुपालन विभाग की ओर से कैंप का आयोजन किया



**धनबाद। बलियापुरः** क्षेत्र के भिखराजपुर पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को पशुपालन विभाग की ओर से कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंप में पहुंचे पंचायत क्षेत्र के किसान एवं पशुपालकों को पशु चिकित्सक डॉ प्रेमचंद साव द्वारा मवेशियों में होने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारी तथा इससे बचाव से संबंधित जानकारियां दी गई। इस अवसर पर किसान एवं पशुपालकों के बीच मुफ्त में दवाइयां उपलब्ध करवाया गया। मुख्य रूप से मुखिया दिलीप कुमार महतो, वार्ड सदस्य सुजीत कुमार महतो, गुड्डू खान, दिनेश कुमार गोप, माधव सूत्रधर, जगेश्वर सूत्रधर, नरेश हेंब्रम आदि थे।

## 76 वें. गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार




बोकारो। पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व 76 वें. गणतंत्र दिवस समारोह को मनाया जाएगा। शुक्रवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए इसे सुनिश्चित करने को कहा गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से राष्ट्रीय पर्व 76 वें. गणतंत्र दिवस को मनाया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बीएसएल के उप निदेशक को समन्वय स्थापित कर तैयारी करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा – निर्देश दिया। सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को परदर्शित करने को कहा। गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर बोकारो क्लब को आरक्षित करने एवं अन्य तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिया। कहा कि जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका ससमय अनुपालन करेंगे। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन मैदान, सेक्टर 12 में मेडिकल टीम को रखने को चिकित्सा पदाधिकारी को कहा।

इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकियां

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को केंद्रीत करते हुए झांकियां निकालने की तैयारी का निर्णय लिया गया। निम्न विभागों द्वारा झांकी निकाली जाएगी। जिन्में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग सहकारिता/ आपूर्ति/ आपदा विभाग, गव्य एवं पशुपालन,कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग/ जिला अग्रणी बैंक/ नाबार्ड, परिवहन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर निगम चास, शिक्षा विभाग, खेल कूद एवं पर्यटन विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी विभाग,जेएसएलपीएस, खनन विभाग शामिल है।

## विश्व हिंदी दिवस 2025 थीम - हिंदीः एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़




दुनिया भर में करोड़ों लोग अपनी बोलचाल की भाषा में हिंदी का उपयोग करते हैं। यह दुनिया भर में बोली जाने वाले तीसरी सबसे लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। एक अनुमान के तौर पर, दुनिया भर में करीब 615 मिलियन लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी भारत और फ़िजी की आधिकारिक भाषा है। हिंदी भाषा की गरिमा का जश्न मनाने के लिए हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।

विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी भाषा को विश्व स्तर पर प्रोत्साहित करना और इसे वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करना है। हिंदी भाषा भारत की राष्ट्रभाषा होने के साथ-साथ सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। विश्व हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को हिंदी भाषा के महत्व और इसके अंतरराष्ट्रीय प्रसार के प्रति जागरूक करना है। यह दिवस भारतीय संस्कृति, साहित्य और भाषा की समृद्ध धरोहर को संरक्षित करने और उसे बढ़ावा देने का एक विशेष अवसर प्रदान करता है।

विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है? विश्व हिंदी दिवस हर साल 10 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करना और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना है। **क्यों मनाया जाता है विश्व हिंदी दिवस**? गौरतलब हो कि विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत 1975 में नागपुर में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन से हुई थी। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। तब से लेकर आज तक हर साल 10 जनवरी को इस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य हिंदी के विकास और प्रसार को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर दुनिया भर के भारतीय दूतावास और संस्कृति केंद्रों में हिंदी भाषा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें कवि सम्मेलन, हिंदी प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां और सांस्कृतिक प्रदर्शन होते हैं। यह दिन हमें हमारी भाषा की महानता का एहसास से अवगत कराता है और हमें गर्व से हिंदी के प्रति अपने प्रेम को और मजबूत करने का अवसर देता है।

विश्व हिंदी दिवस 2025 थीम हर साल विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष थीम का निर्धारण किया जाता है और इसी थीम के विषय के अनुसार विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यानी विश्व हिंदी दिवस 2025 थीम का निर्धारण भी किया गया है। विश्व हिंदी दिवस 2025 थीम है- हिंदीः एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़।

विश्व हिंदी दिवस का इतिहास विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत 10 जनवरी 1975 को हुई थी। इसी दिन नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में हिंदी भाषा के विद्वानों और प्रेमियों ने भाग लिया था। इसके बाद यह दिवस हिंदी के विकास और प्रसार के लिए समर्पित हो गया। वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की आधिकारिक घोषणा की। तब से यह दिवस हर साल पूरे विश्व में हिंदी के प्रेमियों द्वारा मनाया जाता है।

विश्व हिंदी दिवस का महत्व क्या है? विश्व हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रमोट करना और लोगों को इसके महत्व के प्रति जागरूक करना है। यह दिन हमें हमारी भाषा और संस्कृति से जुड़ने और उसे सहेजने का विशेष अवसत देता है। हिंदी न केवल भारत की राष्ट्रभाषा है, बल्कि दुनियाभर में करोड़ लोग इसे बोलते और समझते हैं।

इस दिन का महत्व केवल भाषा तक सीमित नहीं है। यह हमारे सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर करता है। यह दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक समाज की आत्मा होती है, जो उसकी पहचान और संस्कृति को प्रदर्शित करती है।

विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रमविश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दुनियाभर के भारतीय दूतावास और संस्कृति केंद्रों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें हिंदी भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध प्रतियोगिताएं, कवि सम्मेलन, और सांस्कृतिक प्रदर्शन शामिल होते हैं। ये कार्यक्रम हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और लोगों को हिंदी के प्रति जागरूक बनाते हैं।

## संथाली नृत्य गीत का कार्यक्रम आयोजित किया



धनबाद। आकनाघुटू Rmk4 बस्ती में सोहराई पर्व के मौके पर शुक्रवार को गांव के पुरुषों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ सामूहिक संथाली नृत्य गीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया| इस अवसर पर गांव की महिला एवं पुरुषों ने सामूहिक रूप से संथाली नृत्य गीत प्रस्तुत किया लोग दिनभर मंदार की थाप पर नाचते गाते रहे| नृत्य गीत का दौरा देर शाम तक चलता रहा मौके पर-नुनुलाल टुडू, डॉ हेदलाल लाल टुडू ,सुखदेव बास्की, मंगल मुर्मू , शिवलाल बास्की, देवीलाल बास्की, गोविंद सोरेन, प्रभु टुडू ,संजय सोरेन, अमृतबास्की, सुरजु बास्की, महावीर बास्की, राजेंद्र टुडू प्रभात बास्की, बिनय सोरेन ,राजू टुडू, नरेश सोरेन, शिव शंकर मुर्मू जवाहर सोरेन, अशोक बास्की, मनोज बास्की, शुभम बास्की, रवि टुडू, अभिषेक सोरेन, अनिल सोरेन।

## न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर कांके रोड स्थित चौक पर श्रद्धा सुमन अर्पित



रांची । न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर कांके रोड स्थित चौक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी को करने का सौभाग्य मिला। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी की झारखंड के पहले न्यायाधीश और बुद्धिजीवी पुरोधा के रूप में झारखंड आंदोलन को सभी पार्टियों को लेकर एक मती बनाई। और केंद्र राज्य सरकार पर दबाव का तरीका बताया। आंदोलनकारी जस्टिस शाहदेव के नेतृत्व में सड़क पर उतरे और हजारों गिरफ्तार हुए। देश में या पहली घटना थी कि जहां अवकाश प्राप्त न्यायाधीश को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्ग अटल बिहारी वाजपेई को समझ में आ गया कि आंदोलन को बेचने वाले नहीं। अब खरीदने वाले आ गए हैं। मतलब बुद्धिजीवी लोगों के हाथों में आंदोलन आ गया उसी का प्रतिफल आज हम सभी अलग राज्य में बैठे हैं। 24 वर्षों का राज्य झारखंड आंदोलनकारी का सुधी तक नहीं लिया ।सरकार को जस्टिस शाहदेव देव को सम्मान देना चाहिए और केंद्र सरकार को भी लिखना चाहिए । सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब आंदोलन में शामिल उनको भी सम्मान मिले और परिवार के भरण पोषण का ख्याल सरकार को करना चाहिए। केवल श्रद्धा सुमन अर्पित करने से ही नहीं चलेगा धर्मेंद्र तिवारी ने कहा सच्ची श्रद्धांजलि जो आंदोलन में साथ थे उनको भी न्याय मिलना और सम्मान मिलना चाहिए। तभी हम अपनी धरोहर को सम्मान से देख पाएंगे और उनका अनुसरण करेंगे।

## बाघमारा SDPO पर हुई हमले दर्शाता है कि माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है : दीप नारायण सिंह

**धनबाद। कतरास।** यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर बाघमारा SDPO पर हुए हमले एवं बीसीसीएल में कार्यरत हिल टोप आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई गोलीबारी में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री को भी दिया गया है। पत्र के माध्यम से सिंह ने कहा है कि बाघमारा SDPO पर हुए हमले एवं धर्माबांध ओ पी अंतर्गत हिल टोप आउटसोर्सिंग कंपनी में हुई गोलीबारी की घटना कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन की गरिमा को माफियाओं द्वारा चुनौती है। इस घटना ने साबित कर दिया है कि बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग कंपनीयां नियम कानून को चुनौती देते हुए माफियाओं के बल पर चल रही है। जिसके कारण कोयलांचल में माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। माफियाओं द्वारा बाघमारा SDPO के साथ हुई जानलेवा हमला और हिल टोप आउटसोर्सिंग कंपनी में गोलीबारी - बमबारी का यह घटना आम जनों को भयभीत कर रही है।

## आखिरी मौका, 15 मार्च तक चास शहरी क्षेत्र फेज टू की पेयजलापूर्ति योजना शुरू करें एजेंसी



निगम आयोजित करें विशेष शिविर, शहरवासी पेयजलापूर्ति को लेकर वाटर मीटर लगाएं, मिलेगा निःशुल्क मीटर

चास शहर की व्यवस्था चुस्त – दुरूस्त करने का दिया निर्देश, नियमित अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण हटाएं

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने नगर निगम चास का किया समीक्षा बैठक विधायक बोकारो श्वेता सिंह,अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार,कार्यपालक अभियंता निगम, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंताओं,जुडको के प्रतिनिधि आदि रहें उपस्थित

बोकारो।समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित पेयजलापूर्ति योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। मौके पर माननीय विधायक बोकारो श्वेता सिंह, नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उन्होंने फेज वन एवं फेज टू की प्रगति के संबंध में कार्यरत एजेंसियों (जुडको) एवं अपर नगर आयुक्त (एएमसी) संजीव कुमार से जानकारी प्राप्त की।

बैठक में फेज वन के तहत घरों में पेयजलापूर्ति शुरू है, जबकि फेज टू के तहत लगभग 11,500 हाउस होल्ड को पेयजलापूर्ति योजना से जोड़ा जोना है, जिसका कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को अप्रैल 2021 में पूर्ण होना था, लेकिन कोरोना काल के कारण इसके पूरा होने का कार्य को विस्तार कर दिसंबर 2024 किया गया है। *उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी को आखिरी मौका देते हुए 15 मार्च तक हर हाल में पेयजलापूर्ति योजना को पूरा कर जलापूर्ति शुरू करने का संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया। इसके कार्य की प्रगति का दैनिक मानीटरिंग करने का एएमसी चास को करने का निर्देश दिया।



गढ़वा। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह से रांची स्थित उनके निवास स्थल पर मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। सूरज सिंह जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल गढ़वा

# मुंबई IT कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (TCS) ने को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (Q3FY25) के नतीजे जारी




मुंबई IT कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (TCS) ने आज यानी 9 जनवरी को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (Q3FY25) के नतीजे जारी कर दिए हैं। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में TCS का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट तिमाही आधार पर करीब 3.95% बढ़कर 12,380 रुपए करोड़ रहा। इससे पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में ये 11,909 करोड़ रुपए रहा था। वहीं सालाना आधार पर नेट प्रॉफिट 12% बढ़ा है। हालांकि कंपनी की आय में गिरावट देखने को मिली है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ये 63,973 करोड़ रुपए रही। वहीं पिछली तिमाही में कंपनी को 64,259 करोड़ रुपए की आय हुई थी। वहीं EBIT तिमाही आधार पर 15,469 करोड़ रुपये से बढ़कर 16900 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

10 रुपए प्रति शेयर लाभांश देगी कंपनी नतीजों के साथ TCS ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए प्रति शेयर 10 रुपए आंतरिक लाभांश (डिविडेंट) और 66 रुपए का स्पेशल लाभांश का भी ऐलान किया है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे लाभांश या डिविडेंड कहते हैं। बीते एक साल में 9.60% चढ़ा TCS का शेयर आज TCS का शेयर 1.57% की गिरावट के साथ 4,044 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले 1 महीने में शेयर ने 9.17% का निगेटिव रिटर्न दिया है। हालांकि, पिछले 6 महीने में TCS के शेयर ने 1.47% और बीते एक में अब तक 9.60% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

# आपके नाम पर कोई और तो नहीं चला रहा सिमः इससे परेशानी में पड़ सकते हैं आप, घर बैठे 2 मिनट में चेक करें



**नई दिल्ली** कई बार देखा जाता है कि किसी की ID पर कोई और व्यक्ति सिम चला रहा है और ID वाले व्यक्ति को इस बारे में पता भी नहीं है। ऐसे में कई बार दूसरे व्यक्ति के उस सिम के गलत उपयोग करने पर निर्दोष व्यक्ति को परेशानी उठानी पड़ती है।

**2 मिनट में पता करें आपके नाम पर तो नहीं चल रही फर्जी सिम** आपकी ID पर कितनी सिम एक्टिवेट हैं इस बात की जानकारी आपको होना जरूरी है। आप 2 मिनट में घर बैठे ही पता कर सकते हैं कि आपके नाम पर कितनी और कौन-कौन से नंबर वाली सिमें एक्टिव हैं। इसके लिए आपको कोई चार्ज भी नहीं देना होगा।

**स्टेप बाय स्टेप इस प्रोसेस को फॉलो करें**

सबसे पहले tafcop.dgtelecom.gov.in पोर्टल पर जाएं। यहां बॉक्स में अपना मोबाइल नंबर डालें और OTP की मदद से लॉगइन करें। अब उन सभी नंबर्स की डिटेल आ जाएगी जो आपकी ID से चल रहे हैं। लिस्ट में कोई ऐसा नंबर है जिसे आप नहीं जानते, तब उसकी रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके लिए नंबर और 'Not My Number को सिलेक्ट करें। अब नीचे की तरफ Report के बॉक्स पर क्लिक कर दें। शिकायत करने के बाद आपको एक टिकट ID रिफरेंस नंबर भी दिया जाता है। इसके बाद वो नंबर बंद कर दिया जाएगा या आपके आधार कार्ड से हटा लिया जाएगा। **एक ID पर ले सकते हैं 9 सिम** नियम के मुताबिक, एक ID पर 9 सिम एक्टिवेट किए जा सकते हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर, असम सहित उत्तर-पूर्व राज्य की ID पर 6 सिम ही एक्टिवेट होंगे। **आपकी ID पर कितने सिम एक्टिवेट, इसका पता होना क्यों जरूरी**? यदि आपकी ID पर कोई ऐसा सिम एक्टिवेट है जिसका इस्तेमाल आप नहीं कर रहे, तब उसका खामियाजा आपको भुगतना पड़ सकता है। जैसे आपकी ID से रजिस्टर्ड सिम से गलत या गैर कानूनी गतिविधियां चल रही हैं तो आप मुसीबत में पड़ जाएंगे। इसलिए आपके लिए ये जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि आपकी ID पर कितने सिम रजिस्टर्ड हैं।

# पुराने सिक्के बेच रहा था 49 लाख रुपये में, ठगी में गंवा दिया 58 लाख से भी ज्यादा

**ऑनलाइन ठगों की कारिस्तानी जान कर आपके पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाएगी। जी हां, यह वाकया हुआ है कर्नाटक के मंगलुरु में। वहां के एक व्यक्ति को फेसबुक पर विज्ञापन दिखा था पुराने सिक्कों से कमाई का। इसी के चक्कर में वह अपनी लाखों की रकम गंवा दिए।**

**मंगलुरुः** इस समय ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधी तरह-तरह का तरीका ढूंढ लिये हैं। अब कर्नाटक के मंगलुरु में रहने वाले एक व्यक्ति को ही देखिए। उन्हें कुछ पुराने सिक्कों के बदले 49 लाख रुपये देने का ऑफर मिला था। इस चक्कर में वह 58 लाख 26 हजार रुपये गंवा दिए। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ तो पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराया।

**क्या हुआ वाकया** हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते 25 नवंबर को वह दिन में करीब 11 बजे अपने घर में ही थे। वह फेसबुक देख रहे थे। वहीं उन्हें एक विज्ञापन दिखा जिसमें पुराने सिक्कों को बेहद ऊंची कीमत पर खरीदने का दावा किया गया था। उन्होंने वहां दिए गए व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क किया। उनसे सिक्कों के फोटो भेजने को कहा गया। उन्होंने अपने 15 पुराने सिक्कों का फोटो खींच कर भेज दिया। फिर उन्हें बताया गया कि इन सिक्कों के बदले उन्हें 49 लाख रुपये मिलेंगे।

**रिजर्व बैंक रजिस्ट्रेशन के बहाने मंगाई रकम** 15 सिक्कों के लिए 49 लाख रुपये मिलने की बात पर वह व्यक्ति भुलावे में आ गया। ठगों ने उनसे कहा कि इस ट्रांजेक्शन को पूरा करने के लिए रिजर्व बैंक के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिए वह यूपीआई से 750 रुपये भेजें। पीड़ित ने सोचा कि यह भुगतान प्लेटफ़ॉर्म से जुड़ने और पुराने सिक्के बेचने के लिए एक मामूली शुल्क है, इसलिए उनकी बातों पर भरोसा करते हुए उस व्यक्ति ने 25 नवंबर को यूपीआई से 750 रुपये भेज दिया।

**फिर हुई पैसे की डिमांड** यूपीआई से 750 रुपये भेजने के बाद पीड़ित व्यक्ति से फिर जीएसटी प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 17,500 रुपये, इंश्योरेंस फीस के नाम पर 94,500 रुपये, टीडीएस अमाउंट के रूप मं 49,499 रुपये, जीपीएस फस के रू में 71,500 रुपये, आईटीआर फीस के रूप में 39,990 रुपये और आरबीआई पेंडिंग फीस के रूप में 3.5 लाख रुपये मंगाए गए। पीड़ित ने इस बार भी ठगों की बातों पर विश्वास कर लिया और यह सोचकर कि ये भुगतान लेनदेन को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं, पैसे आरटीजीएस, एनईएफटी और यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। पुराने सिक्कों को बेचने की प्रक्रिया ने एक भयावह मोड़ ले लिया, जब 15 दिसंबर को, पीड़ित को खुद को गौरव शिवाजी राव शिंदे के रूप में पेश करने वाले किसी व्यक्ति का फोन आया। शिंदे ने फोन पर दावा किया कि वह मुंबई साइबर पुलिस कमिश्नर है। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसके पिछले लेन-देन के कारण पीड़ित के खिलाफ आरबीआई नोटिस जारी किया है। उसे तुरंत 12.55 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना है। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी गई।

**ट्रांसफर किए लाखों रुपये** कानूनी परिणामों के डर से, पीड़ित व्यक्ति ने 17 दिसंबर को डीसीबी बैंक खाते में 9 लाख रुपये स्थानांतरित कर दिए। हालांकि, जब पैसे की मांग जारी रही, तो पीड़ित को शक होने लगा। इसके बाद उन्होंने दावों की वैधता पर सवाल उठाया, जिस पर घोटालेबाज आक्रामक हो गए और उन्हें और पैसे देने के लिए धमकाना शुरू कर दिया। हालांकि, तब तक पीड़ित को एहसास हो चला था कि यह प्रक्रिया वास्तव में एक घोटाला था।

# 15% डिस्काउंट पर मिल रहा अडानी का यह शेयर, निवेशकों में मची होड़, बढ़ गया OFS का साइज

***अडानी ग्रुप एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर में अपनी हिस्सेदारी बेचने जा रहा है। कंपनी में उसकी 44 फीसदी हिस्सेदारी है। ग्रुप ने ओएफएस के जरिए 20 हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। पहले उसकी योजना इस रूट के जरिए 13 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की थी। यह ऑफर आज खुल रहा है।***

***नई दिल्लीः*** *अडानी ग्रुप ने एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचने के लिए अपने ऑफर फॉर सेल (OFS) का साइज 13% से बढ़ाकर 20% करने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि संस्थागत निवेशकों की मजबूत मांग को देखते हुए ऐसा किया गया है। इससे ग्रुप को रकम का कुछ हिस्सा जल्दी मिल जाएगा क्योंकि हिस्सेदारी बिक्री में एक साल तक का समय लग सकता है। डील पूरी होने के बाद जिसमें ग्रुप इस कंपनी से पूरी तरह बाहर हो जाएगा जबकि सिंगापुर की कंपनी विल्मर की हिस्सेदारी 68% हो जाएगी। फॉर्च्यून सनफ्लावर ऑयल और कोहिनूर बासमती चावल ब्रांड की मालिक अडानी विल्मर में अडानी ग्रुप और विल्मर की 44-44% हिस्सेदारी है।*

*अडानी विल्मर के प्रमोटर्स में से एक अडानी कमोडिटीज ने एक्सचेंजेज को बताया कि वह OFS रूट के माध्यम से कंपनी में अपनी 20% हिस्सेदारी बेचेगी। इससे अडानी ग्रुप को कम से कम 7,150 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। प्रस्ताव में प्रति शेयर न्यूनतम मूल्य 275 रुपये है जो गुरुवार*



*को बीएसई पर अडानी विल्मर के बंद भाव से 15% कम है। कंपनी का शेयर गुरुवार को 323.95 रुपये पर बंद हुआ था लेकिन आज यह शुरुआती कारोबार में 8 फीसदी से अधिक गिरावट के साथ 294.00 रुपये पर आ गया। अडानी ग्रुप ने अडानी विल्मर में अपनी पूरी हिस्सेदारी करीब 2 अरब डॉलर में बेचने की योजना बनाई है। ग्रुप इससे मिलने वाली रकम का यूज अपने कोर बिजनस में निवेश करेगा।*

# SIP निवेश पहली बार 26 हजार करोड़ पारःएक साल में 50% बढ़ा; दिसंबर में म्यूचुअल फंड फोलियो रिकॉर्ड 22.5 करोड़ तक पहुंचे

**मुंबई** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी SIP के जरिये म्यूचुअल फंड्स में निवेश लगातार बढ़ रहा है। बीते दिसंबर में पहली बार मासिक SIP 26 हजार करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई। दिसंबर 2023 में यह 17,610 करोड़ थी, जो बीते माह 50.25% बढ़कर 26,459 करोड़ रुपए हो गई। इस बीच म्यूचुअल फंड फोलियो भी रिकॉर्ड 22.50 करोड़ तक पहुंच गए। बीते माह इक्विटी स्कीम्स में नेट इन्वेस्टमेंट (निकासी घटाकर) 41,156 करोड़ रुपए रहा। यह सालाना 142% और नवंबर की तुलना में 14.5% ज्यादा है। सेक्टोरल/थीमेटिक स्कीम्स में सबसे ज्यादा 15,332 करोड़ रुपए का नेट इन्वेस्टमेंट हुआ। दूसरी तरफ डेट फंड्स से 1.27 लाख करोड़ की शुद्ध निकासी हुई। इसके चलते म्यूचुअल फंड हाउस के जरिए मैनेज की जाने वाले फंड (AUM) नवंबर के मुकाबले 80,355 करोड़ घटकर 67 लाख करोड़ से कम रह गई। नवंबर 2024 में यह रिकॉर्ड 68.08 लाख करोड़ थी। 10 साल में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम 6 गुना से ज्यादा हो गया है। दिसंबर 2014 में AUM 10.51 लाख करोड़ था, जो दिसंबर 2024 में 537% बढ़ गया। इक्विटी स्कीम्स का AUM दिसंबर में 30.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह इंडस्ट्री के कुल AUM का 45.68% है। बीते माह डेट या बॉन्ड आधारित फंड्स का AUM 15.67 लाख करोड़ रुपए रहा। यह कुल AUM का 23.41% है। म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या सालाना आधार पर 36.5% बढ़ गई। इसमें से 70% फोलियो इक्विटी स्कीम्स में हैं। निवेशकों ने बीते माह इंडेक्स फंड, गोल्ड/सिल्वर



ईटीएफ जैसी स्कीम्स में 3.89 करोड़ फोलियो के जरिए पैसा लगाया। डेट का सहाराः 2024 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 11 लाख करोड़ जुटाए 2024 में डेट (जैसे बॉन्ड) के माध्यम से कंपनियों द्वारा जुटाई गई राशि 11.05 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसमें से 10.94 लाख करोड़ डेट के प्राइवेट प्लेसमेंट से आए।

# नोएल टाटा की बेटियां रतन टाटा-इंस्टीट्यूट के बोर्ड में शामिलः इस्तीफा देने वाले ट्रस्टी ने लेटर लिखकर प्रोसेस पर असंतोष जताया

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा की बेटियों माया और लीह टाटा को सर रतन टाटा इंडस्ट्रियल इंस्टीट्यूट (SRTII) के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में शामिल किया गया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। यह ट्रस्ट ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के दो प्रमुख शेयरहोल्डर्स में से एक है। दोनों बहनों ने अर्नाज कोटवाल और फ्रेडी तलाटी की जगह ली है, जिन्होंने नई नियुक्तियों के लिए पद छोड़ दिया था। इसी के साथ नोएल टाटा के बच्चे अब छोटे साइज के टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल हो गए हैं। हालांकि, अभी उन्हें दो प्रमुख ट्रस्ट -सर रतन टाटा ट्रस्ट एंड एलाइड ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट एंड एलाइड ट्रस्ट में शामिल नहीं किया गया है।




**निवर्तमान ट्रस्टी अर्नाज कोटवाल ने असंतोष व्यक्त किया** सर रतन टाटा इंडस्ट्रियल इंस्टीट्यूट के बोर्ड में यह बदलाव विवादों में आ गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, निवर्तमान ट्रस्टी अर्नाज कोटवाल ने अपने साथी ट्रस्टियों को लिखे लेटर में इस प्रोसेस को लेकर असंतोष व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि नए ट्रस्टीज को लाने के लिए जिस तरह से उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा गया, वह सही नहीं था। दुबई में रहने वाली और वीएफएस ग्लोबल के साथ काम करने वाली कोटवाल ने लिखा- मुझे दुख है कि आप में से किसी ने भी इस मामले पर मुझसे सीधे बात करने के लिए संपर्क नहीं किया। **टाटा न्यू ऐप को मैनेज करने वाली टीम का हिस्सा हैं माया** माया टाटा ने टाटा कैपिटल से अपना करियर शुरू किया था, वर्तमान में वह टाटा डिजिटल के तहत टाटा न्यू ऐप को मैनेज करने वाली टीम का हिस्सा हैं। लीह टाटा, इंडियन होटल्स में वाइस प्रेसिडेंट हैं और उनके पास IE बिजनेस स्कूल से मार्केटिंग में मास्टर डिग्री है।

**रतन टाटा के निधन के बाद नोएल टाटा बने 'टाटा ट्रस्ट' के चेयरमैन** रतन टाटा के निधन के बाद नोएल टाटा को 'टाटा ट्रस्ट' का नया चेयरमैन बनाया गया था। तब वे पहले ही दो फैमिली ट्रस्ट के ट्रस्टी थे। नोएल रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। 9 अक्टूबर को रतन टाटा के निधन के बाद नोएल इकलौते दावेदार थे। हालांकि उनके भाई जिम्मी का नाम भी चर्चा में था, लेकिन वे पहले ही रिटायर हो चुके हैं। मुंबई में ट्रस्ट की मीटिंग में नोएल के नाम पर सहमति बनी। टाटा ट्रस्ट ने आधिकारिक बयान में कहा था, 'उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।' टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन बनने के बाद नोएल टाटा ने कहा था - मैं रतन टाटा और टाटा ग्रुप के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन बनने के बाद नोएल टाटा ने कहा था - मैं रतन टाटा और टाटा ग्रुप के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।

**नवल टाटा की दूसरी पत्नी के बेटे हैं नोएल** नोएल नवल टाटा की दूसरी पत्नी सिमोन के बेटे हैं। वहीं रतन टाटा और जिम्मी टाटा नवल और उनकी पहली पत्नी सूनी की संतान हैं।

# खाने के शौक ने बना दिया अरबपति, 50 हजार रुपये से शुरुआत, अब 100 करोड़ का हुआ ब्रांड

**किसी भी शौक को सफल कारोबार में कैसे बदला जाए, इसके बारे में नाहर भाइयों की जोड़ी सबसे अच्छा उदाहरण है। इन दोनों भाइयों ने कोरोना के सबसे अपने खाना पकाने के जुनून को पहचाना और इसे सफल कारोबार में बदल डाला। आज उनको ब्रांड जोर्को 100 करोड़ रुपये का हो गया है।**

नई दिल्लीः कहते हैं शौक बड़ी चीज है। फिर चाहे वह शौक खाने-पीने का हो या खेलकूद का। वैसे अगर शौक को पैशन बना लिया जाए तो यह सोने पर सुहागा जैसा हो जाता है। ऐसा ही कुछ किया नाहर भाइयों ने। इनके नाम हैं आनंद नाहर और अमृत नाहर। दोनों भाइयों को खाने का ऐसा शौक लगा कि उन्होंने एक ब्रांड खड़ा कर दिया। इसका नाम है जोर्को (ZORKO) है। आज यह ब्रांड 100 करोड़ रुपये का हो गया है। सूरत के मध्यमवर्गीय परिवार के नाहर ब्रदर ने साल 2021 में कोरोना के कारण बंद हो रहे एक रेस्टोरेंट को खरीदा। यह 550 वर्ग फुट के एरिया में था। उन्होंने इसमें 50 हजार रुपये निवेश किए और अपने फूड करियर की शुरुआत कर दी। इनका यह बिजनेस फ्रेंचाइजी मॉडल पर काम करता है। सूरत के पहले रेस्टोरेंट को छोड़ इनके 150 से ज्यादा फ्रेंचाइजी आउटलेट हैं।

इंजीनियर हैं दोनों भाई

दोनों भाई इंजीनियर हैं। आनंद ने ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में बी.टेक की है। वहीं अमृत ने पर्यावरण इंजीनियरिंग में बी.ई. किया है। आनंद



साल 2016 में इंजीनियरिंग करने के बाद शेयर मार्केट में आ गए थे। उन्होंने एक ब्रोकरेज फर्म में फ्रीलांस बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करना शुरू किया। बाद में छोटा भाई अमृत भी शेयर मार्केट में आ गया। **कोरोना में पैदा हुआ जुनून** साल 2020 में कोरोना की पहली लहर के कारण सभी लोग घरों में कैद थे। इस दौरान इन नाहर भाइयों ने खाना पकाने और घर पर नए-नए व्यंजनों के साथ प्रयोग करने शुरू किए। दोनों को कुकिंग में मजा आने लगा। बाद में इनमें खाना पकाने का ऐसा जुनून पैदा हुआ कि इसी में करियर बनाने का सपना देख लिया। इस दौरान इन्होंने ऐसा कैफे शुरू करने का प्लान बनाया जो किफायती दामों पर बेहतरीन क्वालिटी वाला खाना उपलब्ध कराता हो। बाद में उनका यह सपना साकार हो गया। आनंद बताते हैं कि लॉकडाउन के दौरान घर पर खाना पकाने और नए-नए व्यंजनों के साथ प्रयोग करने में मजा आता था। कई नई डिश को उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। वहां उन्हें अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस दौरान आनंद को एहसास हुआ कि अपने परिवार के लिए घर पर खाना बनाना न केवल मजेदार है बल्कि किफायती भी है। वहीं रेस्टोरेंट में खाने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। इस दौरान आनंद को विचार आया कि क्यों न ऐसा रेस्टोरेंट शुरू किया जाए जो किफायती कीमत पर अच्छी क्वालिटी वाला खाना मुहैया कराए। यही से जोर्को की शुरुआत हुई।




मनीला, फिलिप्पीन्स **फिलिपिनो कैथोलिक श्रद्धालु वार्षिक जुलूस के दौरान ब्लैक नाज़रीन को छूने के लिए एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करते हैं। ब्लैक नाज़रीन के पर्व में लाखों नंगे पैर भक्त शामिल होते हैं और यह हर साल 9 जनवरी को होता है। ब्लैक नाज़रीन यीशु की एक गहरे रंग की लकड़ी की मूर्ति है जिसे 1606 में स्पेन से फिलीपींस लाया गया था और भक्तों द्वारा इसे चमत्कारी माना जाता है।**

# दुबई में तालिबान के मंत्री से मिले भारतीय सचिवःआपसी व्यापार बढ़ाने पर बात हुई; तालिबान ने संकट में मदद के लिए भारत को शुक्रिया कहा

## सीरिया ने उइगर लड़ाकों को ब्रिगेडियर जनरल और कर्नल बनायाःचीन ने चिंता जाहिर की, कहा- ये उइगर आतंकी संगठन के सदस्य।



**न्यूयॉर्क** सीरिया में सेना के उच्च पदों जैसे ब्रिगेडियर जनरल और कर्नल पर उइगर लड़ाकों को नियुक्त करने को लेकर चीन ने चिंता जाहिर की है। ये लड़ाके चीन के उइगर मुस्लिम बाहुल्य प्रांत शिनजियांग के अलगाववादी संगठन 'तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी' (TIP) से जुड़े हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में चीन के प्रतिनिधि फू कांग ने बुधवार को बयान देते हुए कहा कि- चीन उन रिपोर्ट को लेकर चिंतित है, जिनमें कहा गया है कि सीरियाई सेना में उच्च पदों पर विदेशी लड़ाकों को नियुक्त किया गया है। इनमें खासतौर पर ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ETIM) या तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी' (TIP) से जुड़े लड़ाके भी शामिल हैं। कांग ने सीरिया से आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें अपने इलाके का इस्तेमाल कर दूसरे देशों को सुरक्षा को खतरे में डालने से रोकने के लिए कहा। कांग ने सीरिया से आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें अपने इलाके का इस्तेमाल कर दूसरे देशों को सुरक्षा को खतरे में डालने से रोकने के लिए कहा। पिछले महीने रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि सीरिया में सेना के टॉप 50 पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। इनमें से 6 पद विदेशियों को दिए गए हैं। इनमें TIP से जुड़े 3 उइगर लड़ाके भी शामिल हैं। इनमें से दाऊद खुदाबर्दी उर्फ जाहिद को ब्रिगेडियर जनरल और दो अन्य लड़ाकों मावलन तरसून अब्दुस्समद और अब्दुलसलाम यासीन अहमद को कर्नल पद दिया गया है। पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद के तख्तापलट के बाद हयात तहरीर अल-शाम (HTS) के नेता अल जुलानी ने सीरिया के सत्ता संभाली हैं। सत्ता संभालने के बाद अल जुलानी ने सीरिया के सभी विद्रोही समूहों के लड़ाकों को सरेंडर करने और सेना में शामिल होने के लिए कहा था। सीरिया में विद्रोही लड़ाकों ने 8 दिसंबर को बशर का तख्तापलट कर दिया था। इसके बाद बशर देश छोड़कर रूस भाग गए। **क्या है ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट** ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ETIM) या तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी (TIP) चीन के उइगर प्रांत का एक अलगाववादी संगठन है। ये संगठन शिनजियांग प्रांत में पूर्वी तुर्किस्तान नाम से अलग इस्लामिक देश स्थापित करना चाहता है।

# पाकिस्तानी एटम बम पर होगा TTP आतंकियों का कब्जा? 18 परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण और यूरेनियम की लूट




**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम की सुरक्षा एक बार फिर से खतरे में पड़ गई है। तहरीक-ए-तालिबान यानि टीटीपी के आतंकियों ने 16 पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों और कर्मचारियों का अफगानिस्तान से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से गुरुवार को अपहरण कर लिया। पाकिस्तानी सेना का दावा है कि उसने 8 लोगों को आतंकियों के कब्जे से रिहा करा लिया है। इससे पहले टीटीपी आतंकियों ने कहा था कि वे पाकिस्तानी सेना के प्रतिष्ठानों को अब निशाना बनाएंगे। पाकिस्तानी सेना का दावा है कि ये आम कर्मचारी थे लेकिन टीटीपी ने इनके पहचान पत्र जारी करके बताया है कि वे पाकिस्तानी परमाणु ऊर्जा आयोग में काम करते हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि आतंकियों ने यूरेनियम की भी लूट हुई है। पाकिस्तान एक परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र है और उसके एटम बमों पर टीटीपी दशकों से नजर है। इस वजह से 16 वैज्ञानिकों के अपहरण को बड़ी घटना माना जा रहा है। वाइस ऑफ अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक टीटीपी के आतंकियों ने बंदूक के बल पर इन वैज्ञानिकों का अपहरण कर लिया। उन्होंने वैज्ञानिकों की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया और कर्मचारियों को लेकर फरार हो गए। टीटीपी ने एक वीडियो जारी करके बताया है कि सेना उनकी डिमांड को पूरा करे। एक कर्मचारी को गंभीर हालत में रिहा कराया गया है। पाकिस्तान का परमाणु ऊर्जा आयोग शोध और वकिास तथा परमाणु ऊर्जा के काम करता है।

**पाकिस्तानी आतंकी बनाना चाहते हैं डर्टी बम** पाकिस्तान का यह प्रांत इस समय टीटीपी के निशाने पर है। इस बीच बलूचों ने भी बलूचिस्तान प्रांत में एक सरकारी कार्यालय पर कब्जा कर लिया है। टीटीपी आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने बड़ी मात्रा में यूरेनियम भी लूट लिया है। टीटीपी का यह दावा अगर सही है तो यह दुनिया की सुरक्षा के लिहाज से बहुत डरावनी खबर है। कई आतंकी गुट डर्टी बम बनाने की फिराक में हैं जिसमें यूरेनियम का इस्तेमाल किया जाता है। ये सभी परमाणु वैज्ञानिक पाकिस्तान की सबसे बड़ी यूरेनियम खदान काबुल खेल अटामिक एनर्जी में काम करते थे। वे पाकिस्तान की सरकार से अपनी जान की गुहार लगा रहे हैं।

टीटीपी ने मांग की कि इन परमाणु इंजीनियरों की रिहाई के बदले पाकिस्तानी सेना टीटीपी आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे अपने सैन्य अभियान को रोके। इससे पहले तालिबान सरकार के साथ तनाव के बाद पाकिस्तानी सेना अफगानिस्तान में हवाई हमला किया था और टीटीपी के ठिकाने को तबाह करने का दावा किया था। इसके बाद तालिबान और टीटीपी ने भी जवाबी हमला करके कई पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया था। टीटीपी को पाकिस्तानी तालिबान के नाम से भी जाना जाता है और इसमें करीब 6000 लड़ाके हैं जो अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर सक्रिय हैं। टीटीपी के आतंकी पाकिस्तान की सरकार को हटाकर वहां पर शरिया कानून लागू करना चाहते हैं।

# कैलिफोर्निया की आग 40 हजार एकड़ में फैलीः10 हजार इमारतें तबाह, 30 हजार घरों को नुकसान, 10 मौतें; 29 हजार एकड़ का इलाका खाक



**लॉस एंजिलिस** लॉस एंजिलिस शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। यहां नेशनल गाड्र्स को भी बुला लिया गया है। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में लॉस एंजिलिस के चारों तरफ लगी आग से हुई मौतों का आंकड़ा शुक्रवार को बढ़कर 10 हो गया। यह कैलिफोर्निया में अब तक की सबसे बड़ी आग है।

पिछले 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है। आग से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो चुकी हैं, जबकि 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। करीब 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शनिवार तक आग के और फैलने की चेतावनी दी है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला CEO के समान) रॉबर्ट लूना ने कहा कि आग देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो। **उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का घर खाली कराया गया** आग की वजह से लॉस एंजिलिस (LA) के ब्रेटनवुड इलाके में बने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर को भी खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। LA अमेरिका का सबसे ज्यादा आबादी वाला काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में हेलिकॉप्टरों और विमानों से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन तेज हवाओं और उनके दिशा बदलने की वजह से आग अलग-अलग जगहों पर फैल रही है। लगभग 7500 फायर फाइटर्स को आग बुझाने के काम पर लगाया गया है। रेस्क्यू टीम ने हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रही है। स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सुरक्षित जगहों को इमरजेंसी शेल्टर बना दिया गया है। हालात ऐसे हैं कि कई जगहों पर फायर हाइड्रेंट्स यानी आग बुझाने वाले यंत्र सूखे पड़े हैं। उनका पानी खत्म हो गया है।

BBC के मुताबिक कैलिफोर्निया की आग जिस तरह फैल रही है, उसमें बीच हॉलीवुड हिल्स पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री की पहचान 'हॉलीवुड बोर्ड' के जलने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल LA में हॉलीवुड नाम की एक जगह है, इसी पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री का नाम हॉलीवुड पड़ा है। आग से LA शहर के पॉश इलाके पैलिसेड्स में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले भी जल चुके हैं। हैं। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के घर जलकर खाक हो गए हैं। पेरिस हिल्टन का घर 72 करोड़ रुपए में बना था। कई सेलिब्रिटीज को घर छोड़कर भी जाना पड़ा है। **हॉलीवुड हिल्स का आइकोनिक बोर्ड** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आग की वजह से अपना इटली का दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम कैलिफोर्निया में लगी आग को रोकने और पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए हम कुछ भी करने को तैयार हैं।

# इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध की तैयारी में अमेरिकाःसंसद के निचले सदन में बिल पास, इजराइली PM के खिलाफ अरेस्ट



***वाशिंगटन*** *अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (ICC) पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा बिल पास कर दिया है। अमेरिका ने ये कदम इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ ICC की तरफ से जारी किए गए अरेस्ट वारंट के बाद उठाया है।*

*बिल पर वोटिंग के दौरान 243 सांसदों ने इसके पक्ष में वोट किया, वहीं 140 सांसदों ने इसके विरोध में वोट किया। समर्थन करने वालों में रिपब्लिकन पार्टी के 198 और डेमोक्रेटिक पार्टी के 45 सांसद थे। किसी भी रिपब्लिकन सांसद ने बिल का विरोध नहीं किया। नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध, मानवाधिकार उल्लंघन और नरसंहार के लिए ICC ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। हाउस से बिल पास होने के बाद अब इसे ऊपरी सदन सीनेट में पेश किया जाएगा। हाउस से बिल पास होने के बाद अब इसे ऊपरी सदन सीनेट में पेश किया जाएगा।*

***ICC पर पहले भी प्रतिबंध लगा चुका अमेरिका*** *अमेरिका पहले भी ICC पर प्रतिबंध लगा चुका है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2020 में ICC पर प्रतिबंध लगाए थे।*

*दरअसल, ICC ने अफगानिस्तान में अमेरिका और फिलिस्तीन में इजराइल की आपराधिक गतिविधियों की जांच शुरू कर दी थी। इसके खिलाफ ट्रम्प प्रशासन ने ICC पर प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि बाद में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद इन प्रतिबंधों को हटा दिया था। गुरुवार को हाउस से बिल पास होने के बाद विदेश मामलों की समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष ब्रायन मास्ट ने कहा कि एक कंगारू कोर्ट हमारे सहयोगी इजराइल के PM को गिरफ्तारी करना चाहती है, इसलिए अमेरिका ये कानून पारित कर रहा है। नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद कई देशों ने अलग-अलग रुख अपनाया है। ICC ने पिछले साल 21 नवंबर को नेतन्याहू के खिलाफ वारंट जारी किया था। हालांकि उसके पास गिरफ्तारी करने की शक्तियां नहीं हैं।*

# कनाडा के पीएम पद की रेस में चंद्रा आर्याः भारतीय मूल के सांसद ने दावेदारी पेश की; टूडो और खालिस्तानी आतंक के विरोधी

**टोरंटो** कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी के हिंदू नेता चंद्रा आर्या ने पीएम पद के लिए दावेदारी पेश की है। चंद्रा आर्या भारतीय मूल के कनाडाई सांसद हैं। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद से लिबरल पार्टी में नया लीडर चुनने का काम शुरू हो गया है। कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने गुरुवार को X पर वीडियो पोस्ट कर अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया। चंद्रा पहले जस्टिन ट्रूडो के करीबी माने जाते थे, लेकिन खालिस्तानी आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर ट्रूडो के रुख के बाद आर्या उनके धुर विरोधी बन गए। दरअसल, 6 जनवरी को प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्टी नेताओं की तरफ से लगातार बढ़ते दबाव के बाद पार्टी लीडर और PM दोनों पद से इस्तीफा दे दिया था। वे सितंबर 2021 में तीसरी बार पीएम बने थे। उनकी सरकार का कार्यकाल अक्टूबर 2025 तक था। **चंद्रा आर्या ने दावेदारी की घोषणा करते हुए कहा-** मैं कनाडा का अगला प्रधानमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, ताकि हमारे देश के पुनर्निर्माण और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक छोटी, अधिक कुशल सरकार का नेतृत्व कर सकूं। हम महत्वपूर्ण संरचनात्मक समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जो पीढ़ियों से नहीं देखी गई हैं और उन्हें हल करने के लिए कठिन विकल्पों की आवश्यकता होगी। कनाडा को मजबूत नेतृत्व की जरूरत आर्या ने कहा, 'बहुत से कनाडाई विशेष रूप से युवा पीढ़ी समस्याओं का सामना कर रही है। कामकाजी मिडिल क्लास आज संघर्ष कर रही है। बहुत से परिवार गरीब होते जा रहे हैं। कनाडा को ऐसा नेतृत्व चाहिए जो बड़े फैसले लेने से नहीं डरता। ऐसे फैसले जो हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करें, आशा को बहाल करें, सभी कनाडाई लोगों के लिए समान अवसर पैदा करें। विवेक और व्यावहारिकता को अपने मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में अपनाते हुए, मैं इस जिम्मेदारी को लेने और कनाडा के अगले प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ रहा हूं।' उन्होंने कहा- मैंने हमेशा कनाडावासियों के लिए सबसे अच्छा काम करने के लिए कड़ी मेहनत की है। हमारे बच्चों की खातिर हमें ऐसे साहसिक निर्णय लेने चाहिए जो जरूरी हैं। अगर मुझे लिबरल पार्टी का अगला नेता चुना जाता है, तो मैं इसके लिए अपना ज्ञान और विशेषज्ञता पेश करूंगा। चंद्रा आर्या ने कनाडावासियों से कहा, 'आइए... इस यात्रा में मेरे साथ शामिल हों। आइए हम मिलकर भविष्य का पुनर्निर्माण करें। इसे पुनर्जीवित करें और सुरक्षित करें। सभी कनाडाई लोगों के लिए, आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा करना जरूरी है।' चंद्रा आर्या ने अगस्त 2024 में भारत का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। **2006 में कर्नाटक से कनाडा गए** चंद्रा आर्या मूल रूप से कर्नाटक के तुमकुरु के सिरा तालुक के निवासी हैं। वे 2006 में कनाडा जाकर बस गए थे। आर्या ने धारवाड़ के कौसली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से MBA किया है। 2015 में उन्होंने पहली बार फेडरल इलेक्शन लड़ा था और चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 2019 में वह दूसरी बार सांसद बने।

# पाकिस्तान के पंजाब में 3 हिंदू अगवाः डकैत बोले- साथियों को रिहा करो नहीं तो जान से मार देंगे



**लाहौर** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तीन हिंदू युवकों को अगवा कर लिया गया है। अगवा करने वाले अपराधियों ने पुलिस से उनके साथियों को रिहा करने की मांग की है। साथ ही ऐसा न करने पर अगवा किए गए हिंदुओं को जान से मारने की धमकी दी है। पंजाब पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार को रहिम यार खान जिले के भोंग इलाके में हुई है। यह इलाका पंजाब की राजधानी लाहौर से 400 किमी दूर है। अगवा किए गए हिंदू युवकों के नाम शमन, शमीर और साजन हैं। तीनों युवक भोंग के बेसिक हेल्थ यूनिट के पास मौजूद थे। तभी 5 डकैतों ने उन्हें बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया और अपने साथ ले गए। अगवा करने वाले डकैतों के सरगना अशिक कोराई ने बाद में एक वीडियो भी रिलीज किया। इस वीडियो में उसने अहमदपुर लामा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज राणा रमजान के चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके परिवार के 10 सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा। ऐसा न करने पर उसने पुलिस पर हमला करने और हिंदू युवकों की हत्या करने की धमकी दी। डकैतों की तरफ से जारी हुए वीडियो में तीनों युवक जंजीरों में बंधे दिखाई दिए। तीन युवक अधिकारियों से अपनी रिहाई के लिए गुहार लगा रहे थे। पिछले साल भी इस इलाके में डकैतों ने पुलिस वाहनों पर हमला किया था। इस हमले में 12 पुलिसकर्मी मारे गए थे।

**खैबर पख्तूनख्वा में 16 मजदूर अगवा** पाकिस्तान के ही खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को अज्ञात लोगों ने यूरेनियम और प्लूटोनियम की खदानों में काम करने वाले 16 मजदूरों को अगवा कर लिया। ये सभी मजदूर एक एटॉमिक एनर्जी माइन साइट पर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें वाहन से अगवा कर लिया। अगवा करने के बाद अपहरणकर्ताओं ने वाहन को आग लगा दी और मजदूरों को अज्ञात जगह ले गए। अभी तक किसी भी संगठन ने मजदूरों के अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि पुलिस के मुताबिक 16 में से 8 मजदूर रिहा हो गए हैं।

इस इलाके में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के आतंकियों की मौजूदगी है। इस तरह के मामलों में पहले इसके आतंकियों का नाम सामने आ चुका है।

# फिलहाल रिलेशनशिप्स पर नहीं करियर पर फोकस करना चाहती हैं पवित्रा पुनिया

सलमान खान का शो 'बिग बॉस 14' में कई चर्चित जोड़ियां रहीं। हर सीजन की तरह ही इसमें कई जोड़ियां बनीं और बिगड़ीं। इसी में एक पवित्रा पुनिया और एजाज खान की जोड़ी भी रही। शो खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक इनका रिश्ता चला। यहां तक कि शादी की चर्चा भी रही। तैयारियां भी लगभग चल ही रही थीं। लेकिन, इसी बीच इनके ब्रेकअप की खबरें भी मीडिया में आने लगीं। इसके बाद अब एक्ट्रेस ने अपने टूटे रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, ब्रेकअप की खबरों के बीच पवित्रा पुनिया ने मीडिया खास बातचीत की है और इस दौरान उन्होंने अपनी रिलेशनशिप और शादी को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो फिलहाल रिलेशनशिप्स और शादी पर फोकस नहीं करना चाहती हैं। वो अपने परिवार का ध्यान रखना चाहती हैं। करियर पर फोकस करना उनका मकसद है। इंटरव्यू में पवित्रा ने कहा कि वो चाहती हैं कि लोग उन्बें और एजाज को प्राइवेसी दें। उनका मानना है कि वो और एजाज जो भी कर रहे हैं उसमें फैंस उन्हें सपोर्ट करें। शांति बनाए रखें। पवित्रा पुनिया का मानना है कि जो भी होता है वो किसी वजह से होता है। अभी वो अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पिता को खोया है, जिसे वो उनका सबसे बड़े सपोर्ट मानती थीं। एक्ट्रेस कहती हैं कि एक मां ममता होती है और बाप दीवार। ममता से पेट नहीं पलता और दीवार से सिक्योरिटी, प्रोटेक्शन सब है। उनका एक बड़ा भाई भी है। पवित्रा का मानना है कि उनका भाई भी उन्हें मां के समान मानता है। वो उन्हें बच्चे की तरह मानती हैं। अभी वो ही परिवार में जिम्मेदार हैं। वो कहती हैं कि उनके परिवार के लिए जो जरूरी है वो कर रही हैं। एक्ट्रेस ने आशा जताई कि लोग उनकी बात को समझेंगे। इसके अलावा पवित्रा पुनिया ने शादी को लेकर कहा कि अभी वो अपने परिवार का ख्याल रख रही हैं। ब्रेकअप को लेकर कहा कि उन्होंने अपनी रिलेशनशिप के बारे में कुछ सुना है और ये सच भी हो सकता है। उन्हें नहीं पता। आपको बता दें कि पवित्रा और एजाज को 'बिग बॉस 14' में प्यार हुआ था। दोनों पिछले 3 सालों से लिव इन में रह रहे थे। उनके ब्रेकअप से फैंस को तगड़ा झटका लगा है।









# कटरीना ने संघर्ष के दिनों में मलाइका से प्रेरणा ली

**कटरीना और विजय सेतुपति स्टारर फिल्म मैरी क्रिसमस 12 जनवरी को रिलीज होगी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कटरीना ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कुछ किस्से शेयर किए। कटरीना ने बताया कि मलाइका अरोड़ा ने उन्हें मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनका पहला विज्ञापन थलपति विजय के साथ शूट हुआ था।**

कटरीना ने इंटरव्यू के दौरान कहा- जब मैंने मुंबई आकर अपने करियर की शुरुआत की तब मेरा सपना एक मॉडल बनने का था। मेरी आइडल उस समय की सुपरमॉडल्स- मधु सप्रे और लक्ष्मी मेनन थीं। मलाइका अरोड़ा भी उस दौरान मॉडलिंग की दुनिया में थीं। मुझे इन तीनों का काम बहुत अच्छा लगता था, और मेरे मन में इनके लिए हमेशा रिस्पेक्ट थी। इनके काम से मैंने प्रेरणा जरूर ली है। कटरीना ने आगे बताया कि उन्होंने मुंबई में मौजूद विज्ञापन एजेंसियों की एक लिस्ट बनाई थी और काम पाने की उम्मीद में वह उन सभी एजेंसियों में जाती थीं। कटरीना ने अपने पहले विज्ञापन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा- मैंने पहला विज्ञापन थलपति विजय के साथ शूट किया था। ये एक सॉफ्ट ड्रिंक का विज्ञापन था जिसमें मैं एक बैलेरीना डांसर की भूमिका निभा रही थी। हालांकि जब मेरे दोस्त ने ये विज्ञापन देखा तो कहने लगा आप उस विज्ञापन में दुनिया की सबसे अनाड़ी बैलेरीना डांसर दिख रही थीं।

## कटरीना और विजय पहली बार साथ काम करेंगे



फिलहाल कटरीना श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। क्रिसमस के दौरान फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। ट्रेलर में विजय सेतुपति और कटरीना की मुलाकात क्रिसमस के दिन होती है और फिर वो साथ में सेलिब्रेशन करने का फैसला करते हैं। लेकिन ये रात कटरीना और विजय के लिए काफी भारी पड़ती दिखाई देती है। ट्रेलर में सस्पेंस के साथ-साथ दोनों के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री को भी बेहद शानदार तरीके से दिखाया गया है।

फिल्म में कटरीना और विजय के अलावा संजय कपूर, विनय पाठक, टीनू आनंद जैसे सितारे भी लीड रोल में दिखेंगे। फिल्म 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# एक्ट्रेस डेजी शाह ने खोला अपने फिटनेस का राज, सलमान को बताया अपना इंस्पिरेशन

एक्ट्रेस बॉलीवुड में सलमान जैसे स्टार्स के साथ काम करने के बाद अब डिजिटल की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। हमने डेजी से उनके फिटनेस पर बात की, उनके जिम सेशन के दौरान ही हमने उनसे जाना कि खुद को फिट रखने के लिए वो कितना वक्त निकालती हैं, डाइट कैसे मैंटेन करती हैं और फिटनेस के मामले में उनका रोल मॉडल कौन है। डेजी शाह शुरूआती दौर में एक डांसर थीं। बहुत लोग शायद ये नहीं जानते होंगे कि डेजी शुरुआती दौर में एक डांसर थीं और शबीना खान ने उनके टैलेंट को पहचाना था। डेजी ने कोरियोग्राफर शबीना खान से डांसिंग की ट्रेनिंग ली और सालों तक उनके साथ काम भी किया। इसके बाद डेजी असिस्टेंट बन अलग-अलग इवेंट में जाने लगीं और अपने डांसिंग टैलेंट को निखारा। अपनी स्ट्रगलिंग दिनों में डेजी ने कभी डांसिंग को फिटनेस के लिहाज से नहीं देखा। वे सिर्फ घर चलाने के लिए पैसा कमाना चाहती थी। हालांकि, अब डेजी की मानें तो डांसिंग से बेहतर उनके लिए कोई फिटनेस मंत्र नहीं।

## डेजी के फिट बॉडी के पीछे सलमान का हाथ भी है

वैसे, आप तो जानते ही हैं की बॉलीवुड में ऐसे बहुत से कलाकार हैं जिन्हें भाईजान यानी सलमान खान ने फिल्मों में मौका दिया। डेजी शाह भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, डेजी के फिट बॉडी के पीछे भी सलमान खान का हाथ है? जी हां, सलमान के पर्सनल ट्रेनर राकेश उड्डियार पिछले 9 सालों से फिटनेस के मामले में डेज़ी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इतना ही नहीं, सलमान खान भी अपनी जय हो की एक्ट्रेस के वर्कआउट रुटीन पर कभी-कभार नजर रखते हैं।

## 15 साल से फिटनेस का ख्याल रखती आ रही हूं

डेजी कहती हैं, मैं पिछले 15 साल से अपनी फिटनेस का ख्याल रखती आ रही हूं। मैं मिक्स्ड वर्कआउट करना पसंद करती हूं - कभी पिलेट्स तो कभी कार्डियो, कभी EMS (इलेक्ट्रिकल मसल स्टिमुलेशन) तो कभी डांस। इसकी वजह यही हैं की मैं बोर ना हो जाऊं। मैं अपनी बॉडी पर बहुत मेहनत करती हूं। खुद को फिट रखना अब मेरी आदत बन गई है।

## सलमान ने बदली फिटनेस की डेफिनिशन

सलमान खान मेरे मेंटर हैं। वो हमेशा मेरे लिए मौजूद रहते हैं। खुद को लकी मानती हूं कि मेरे लाइफ में सलमान खान हैं, जिन्होंने मुझे रास्ता दिखाया है। सिर्फ करियर में ही नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ में भी। जब से वो मेरी जिंदगी में आए हैं, फिटनेस का डेफिनिशन बिलकुल बदल गया हैं। उन्होंने मुझे फिटनेस की अहमियत बताई। मेरे ट्रेनर, राकेश भी सलमान खान की ही देन हैं। उन्होंने मुझे राकेश से मिलवाया था।

# मैं हमेशा चाहती थी लोग मुझे गंभीरता से लें

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा कि अच्छे काम की तरह कुछ भी काम नहीं करता है। वह चाहती हैं कि एक अभिनेत्री के रूप में उनकी फिल्मों का चयन एक उनके विकास को रिफ्लेक्ट करे। अनन्या ने फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से फिल्मों में अपना डेब्यू किया था। इसी बैनर तले बनी शकुन बत्रा द्वारा निर्देशित गहराइयां में उनके किरदार के लिए उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। अनन्या पांडे के फैंस ने गहराइयां के बाद फिल्मों के चुनाव में उनकी पसंद में काफी बदलाव देखा। अभिनेत्री ने इसे प्राकृतिक प्रगति बताया। जल्द ही वह जोया अख्तर के बैनर तले बनी उनकी आगामी फिल्म खो गए हम कहां में नजर आएंगीं। यह फिल्म 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फैंस ने गहराइयां के बाद उनकी पसंद बड़ा बदलाव देखा फिर चाहे वह खो गए हम कहां हो या फिर विक्रमादित्य मोटवाने की उनकी आगामी साइबर-थ्रिलर फिल्म कंट्रोल हो। अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा से चाहती हूं कि एक अभिनेत्री के रूप में लोग मुझे गंभीरता से लें। ऐसा नहीं है कि गहराइयां के बाद यह पसंद बदल गई है। मैं बड़ी हो रही हूं और अलग-अलग चीजें हैं जिनसे मैं जुड़ रही हूं। 25 वर्षीय अभिनेत्री ने एक बातचीत में कहा, मैं विभिन्न प्रकार की कहानियां करना चाहती हूं। एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास के साथ-साथ मेरी पसंद भी बदल रही है। यह एक तरंग प्रभाव है। अनन्या पांडे ने कहा, मैं सोच-समझकर कोई निर्णय नहीं ले रही हूं। मेरी अपनी इच्छा सूची है और मैं सीक्रेट तरह से यह प्रकट कर रही हूं कि मैं किसके साथ काम करना चाहती हूं। मगर अच्छे काम जैसा कुछ भी काम नहीं करता है। मैं उस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए आभारी हैं कि बत्रा, अख्तर और मोटवानी जैसे फिल्ममेकर्स ने उनपर भरोसा जताया कि वह उनके साथ काम कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक अभिनेता के निजी जीवन के बारे में फैंस को हमेशा जिज्ञासा रहती है, जो काफी कठिन हो सकता है। अनन्या ने कहा, मैं चीजों को निजी और विशेष रखने में विश्वास रखती हूं। क्योंकि आप किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह रिश्तों से निपट रहे हैं। आप जिस व्यक्ति के साथ हैं, उसके साथ आप इसे महसूस कर रहे हैं। इसलिए कभी-कभी उन चीजों को बाहर सबके सामने रखना अनुचित और थोड़ा व्यक्तिगत लगता है।

# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई राधिका की फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो



नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक वायरल वीडियो। कई सवाल। सजिनी शिंदे का कहीं पता नहीं है। क्या जो नजर आता है उससे कहीं ज्यादा कुछ है? यह थ्रिलर फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो केवल नेटफ्लिक्स पर है। अभिनेत्री राधिका मदान की फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो दर्शकों को काफी पसंद आई थी। यह फिल्म 27 अक्तूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फैंस को इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। तो अब फैंस के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है कि फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो बॉक्स ऑफिस पर अपना दमखम दिखाने के बाद आज ओटीटी पर रिलीज हो गई है।

## नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म

निम्रत कौर और राधिका मदान अभिनीत सस्पेंस थ्रिलर सजनी शिंदे का वायरल वीडियो इस महीने से एक लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। रिलीज के दो महीने बाद आज शुक्रवार, 22 दिसंबर को यह फिल्म लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी आ गई है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम के जरिए दर्शकों को इसकी जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक वायरल वीडियो। कई सवाल। सजिनी शिंदे का कहीं पता नहीं है। क्या जो नजर आता है उससे कहीं ज्यादा कुछ है? यह थ्रिलर फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो केवल नेटफ्लिक्स पर है। सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो में निम्रत कौर और राधिका मदान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें मैंने प्यार किया अभिनेत्री भाग्यश्री, प्रसिद्ध मराठी अभिनेता सुबोध भावे, रश्मी अगड़ेकर, चिन्मय मंडलेकर और सुमीत व्यास भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# नेपोटिज्म के तंज की वजह से अनन्या से दोस्ती हुई



अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव स्टारर फिल्म खो गए हम कहां 26 दिसंबर, 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म के डायरेक्टर अर्जुन वरैन सिंह हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धांत चतुर्वेदी ने बताया कि 2019 में हुए न्यूकमर राउंडटेबल के दौरान उनके और अनन्या के बीच जो हुआ, उसी की वजह से अनन्या से उनकी बातचीत शुरू हुई और फिर दोस्ती हुई। अनन्या ने भी सिद्धांत की बात पर हामी भरी।

## न्यूकमर राउंडटेबल का पूरा किस्सा

साल 2019 में राजीव मसंद ने न्यूकमर्स राउंडटेबल होस्ट किया था, जहां नेपोटिज्म और आउटसाइडर्स पर भी खूब चर्चा हुई थी। इस दौरान अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी के बीच का एक कन्वर्सेशन ट्रोलिंग का शिकार हुआ था। जिसमें नेपोटिज्म पर अनन्या पांडे ने अपनी स्ट्रगल जर्नी शेयर करते हुए कहा था कि मेरे पिता चंकी पांडे कभी कॉफी विद करण में नहीं गए और उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म नहीं की और मैंने बहुत स्ट्रगल किया है। इस बात पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा था- जहां हमारे सपने पूरे होते हैं वहां स्टारकिड्स का स्ट्रगल शुरू होता है। बता दें कि सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे दोनों ने साल 2019 में गली बॉय और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था। सिद्धांत एक आउटसाइडर थे जबकि अनन्या एक स्टारकिड हैं।

## अनन्या और सिद्धांत एक दूसरे से पर्सनली और प्रोफेशनली कनेक्टेड हैं

सिद्धांत ने हाल ही में ये खुलासा किया कि 2019 में जो हुआ, उसी की वजह से सिद्धांत और अनन्या के बीच दोस्ती हुई। अनन्या ने भी सिद्धांत की बात में हां में हां मिलाई और कहा- हां, हमारी बातचीत उसी नेपोटिज्म के तंज से शुरू हुई और फिर हम दोस्त बन गए। सिद्धांत मेरा एक ऐसा दोस्त है जिसे मैं कॉल करके बता सकती हूं कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं। अगर मुझे लगता है कि पर्सनली और प्रोफेशनली कुछ ठीक नहीं है, या अगर उसे लगता है कि कुछ दिक्कत है, तो हम एक-दूसरे से शेयर करते हैं। खो गए हम कहां फिल्म तीन दोस्तों की कहानी है। ये तीनों दोस्त- इमाद, अहाना और नील अपने जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं और अपनी ऑनलाइन पहचान को अपने वास्तविक स्वरूप के साथ बैलेंस करने की कोशिश में लगे रहते हैं।

# हाथ जोड़ यूं लेटकर किया प्रणाम... वृंदावन प्रेमानंद जी महाराज के आश्रम बच्चों संग पहुंचे अनुष्का शर्मा-विराट कोहली



**ऑस्ट्रेलिया में बुरी फॉर्म से गुजर रहे विराट कोहली वाइफ संग वृंदावन पहुंचे। उनका श्री प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज से आशीर्वाद लेते वीडियो वायरल। विराट कोहली के साथ उनकी वाइफ अनुष्का, बेटा अकाय, बेटी वामिका भी थीं।**

**वृंदावनः** इंटरनेट पर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दोनों को श्री प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज से आशीर्वाद मांगते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में श्री प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज को अनुष्का की प्रशंसा करते हुए सुना जा सकता है, क्योंकि उन्होंने विराट कोहली को अपनी पीढ़ी के सबसे सफल व्यक्तियों में से एक होने के बावजूद विनम्रता और विश्वास के मार्ग पर बनाए रखा।

पांचवीं बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाले विराट कोहली के कंधों पर बहुत सारी उम्मीदें थीं। हालांकि, 36 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ पारियों में 190 रन बनाकर दौरे का अंत किया, जिसमें उनका औसत सिर्फ 23.75 रहा। श्रृंखला की शुरुआत शानदार रही, जब कोहली ने पर्थ टेस्ट के दौरान अपना सातवां शतक लगाते हुए ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बनकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

# आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष है जय शाह, बीसीसीआई की एजीएम में होंगे सम्मानित

**बीसीसीआई की एसजीएम बैठक में आईसीसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित किया जाएगा। एसजीएम में बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। जय शाह ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के लिए बातचीत की है। जनवरी 2021 से वह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे।**

**नई दिल्लीः** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसी यानी आईसीसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया जिन्होंने तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का फैसला किया।


जय शाह ने अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई सचिव का पद संभाला था। जनवरी 2021 से वह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे। शाह हालांकि एसजीएम का हिस्सा नहीं बनेंगे क्योंकि वह अब बीसीसीआई के पदाधिकारी नहीं हैं। हालांकि उन्हें विशेष आमंत्रण पर बुलाया जाएगा। एसजीएम बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई है। आशीष शेलार के महाराष्ट्र सरकार में मंत्री बनने के बाद कोषाध्यक्ष का पद खाली हुआ है। देवजीत सैकिया बीसीसीआई के नए सचिव होंगे। इसके अलावा



प्रभतेज सिंह भाटिया बीसीसीआई के नए कोषाध्यक्ष बनेंगे। दोनों के खिलाफ मंगलवार को दिए गए डेडलाइन तक कोई भी प्रत्याशी नहीं उतरा, इसलिए दोनों निर्विरोध यह पद संभालेंगे। बीसीसीआई की एजीएम में 12 जनवरी को इनके नाम की आधिकारिक घोषणा होगी। जय शाह क्रिकेट के खेल को दुनिया भर में फैलाने में जुटे हैं। हाल ही में उन्होंने 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक आयोजन समिति के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। क्रिकेट 128 साल बाद 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में ओलंपिक में वापसी करेगा। 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक में अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। वह क्रिकेट को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले ओलंपिक का भी हिस्सा बनाना चाहते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मीडिया ने दावा किया कि जय शाह इस महीने के अंत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड और इंग्लैंड बोर्ड के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन से मिलेंगे। दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर बातचीत होगी। इससे बड़ी तीन टीमों के बीच और ज्यादा सीरीज हो सकेंगी।

# जोकोविच का दावा- ऑस्ट्रेलिया में जहर दिया गया थाः2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन नहीं खेलने दिया, होटल में ठहराया



*नोवाक जोकोविच सबसे ज्यादा 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दावा किया है कि जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया में उन्हें जहर दिया गया था। उन्होंने यह दावा साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरू होने से पहले किया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की शुरुआत 12 जनवरी से होगी। जोकोविच को कोविड-19 की वैक्सीन नहीं लगवाने की वजह से 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 से पहले ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स में गलत जानकारी दी थी। इसके लिए उन्हें मेलबर्न में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उनका वीजा रद्द कर ऑस्ट्रेलिया से वापस भेज दिया गया था। कानूनी कार्यवाही के दौरान उन्हें मेलबर्न के एक होटल में ठहराया गया था। उनका कहना है कि यहीं उन्हें जहर दिया गया था। मुझे कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं और मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था, जिसमें जहर मिला था। सर्बिया वापस आने पर मुझे कुछ बातें पता चलीं। मैंने कभी किसी को सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया, लेकिन पता चला कि मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत अधिक था। मेरे शरीर में सीसा था, सीसा और पारा का स्तर बहुत अधिक था।* ***जोकोविच के नाम 24 ग्रैंड स्लैम*** *जोकोविच 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने 2008 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में ही अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था। उन्होंने 2023 तक इसे 10 बार जीता। जोकोविच ने 3 बार फ्रेंच ओपन और 4 बार यूएस ओपन जीता है। वह 7 बार के विंबलडन चैंपियन भी हैं।* ***करियर गोल्डन स्लैम जीतने वाले 5वें प्लेयर*** *जोकोविच ने गोल्डन स्लैम जीतने भी जीता है। वे ऐसा करने वाले 5वें खिलाड़ी है। उनसे पहले स्पेन के राफेल नडाल, अमेरिका की सेरेना विलियम्स, अमेरिका के ही आंद्रे अगासी और जर्मनी की स्टेफी ग्राफ ही करियर गोल्डन स्लैम जीत सके हैं।*

*भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आठ मैचों की व्हाइट-बॉल सीरीज से आराम दिया जाएगा, जिसमें पांच टी20 और तीन वनडे शामिल हैं। यह सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता में पहले टी-20 मैच से शुरू होगी।*

# कैंसर को हराने वाले युवराज को कहा फेफड़ों की क्षमता... रॉबिन उथप्पा ने किस पर लगाए गंभीर आरोप?



**रॉबिन उथप्पा ने विराट कोहली की कप्तानी के बारे में कई हैरान करने वाले राज खोले हैं। उन्होंने कहा कि विराट कोहली अपनी मर्जी के कप्तान थे, फिटनेस से खाना तक मैच करना होता था। उन्होंने यह भी कहा कि कैंसर को हराने वाले युवराज को कमबैक के दौरान फेफड़ों की छमता जैसी बात कही गईं।**

**नई दिल्लीः** पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कैंसर को मात देकर टीम में वापसी करने वाले युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय करियर को जल्दी समाप्त करने के लिए परोक्ष रूप से विराट कोहली को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिटनेस में कुछ रियायत देने के आग्रह को तत्कालीन भारतीय कप्तान ने नामंजूर कर दिया था। सफेद गेंद वाले क्रिकेट में भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक युवराज ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम को टी20 और वनडे विश्व कप में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वनडे विश्व कप 2011 की खिताबी जीत के बाद उन्हें कैंसर का पता चला जिसका उन्होंने अमेरिका में इलाज कराया। युवराज ने कैंसर से उबरकर भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में शतक भी लगाया लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में लचर प्रदर्शन करने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और फिर उन्होंने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उथप्पा ने 'लल्लनटॉप' से कहा, 'युवी पा (युवराज सिंह) का उदाहरण लें। उस व्यक्ति ने कैंसर को हरा दिया और वह अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस आने की कोशिश कर रहा था। उस व्यक्ति ने हमें दो बार विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।' उन्होंने कहा , 'जब आप कप्तान बनते हैं तब ऐसे खिलाड़ी के लिए कहते हैं कि उसके फेफड़ों की क्षमता कम हो गई है जबकि आपने उस खिलाड़ी को संघर्ष करते हुए देखा है। मुझे किसी ने इस बारे में नहीं बताया लेकिन मैं चीजों का आकलन करता हूं।' उथप्पा ने कहा, 'आपने उन्हें संघर्ष करते हुए देखा है, फिर जब आप कप्तान बनते हैं तो फिर आप कुछ मानक तय करके उनका स्तर बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन हर मामले में कुछ अपवाद होते हैं और यहां उस व्यक्ति की बात हो रही है जो अपवाद होने का हकदार था। उस व्यक्ति ने केवल आपके लिए टूर्नामेंट जीते हैं बल्कि कैंसर को भी हराया है।' युवराज सिंह का करियर यूं हुआ था खत्म उथप्पा ने खुलासा किया कि युवराज ने फिटनेस टेस्ट में अंक कटौती की मांग की थी लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें कोई रियायत देने से इनकार कर दिया। हालांकि इससे पहले उन्होंने टीम में शामिल होने के लिए फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने कहा, 'जब युवी ने दो अंक की कटौती के लिए अनुरोध किया, तो उन्हें यह नहीं मिला। वह फिटनेस टेस्ट पास करके टीम में आए थे लेकिन एक टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और फिर उनकी तरफ कभी गौर नहीं किया गया। विराट तब कप्तान थे जो कुछ हुआ उनके अनुसार हुआ।' उथप्पा ने कोहली की नेतृत्व शैली के बारे में कहा कि वह 'माई वे और द हाइवे' तरह के कप्तान थे। उन्होंने कहा, 'मैं विराट की कप्तानी में बहुत अधिक नहीं खेला हूं लेकिन एक कप्तान के रूप में वह माई वे या हाइवे (सब कुछ उनकी मर्जी के अनुसार होना) तरह के कप्तान थे। यह केवल परिणाम से नहीं जुड़ा है बल्कि यह अपनी टीम और साथियों के साथ व्यवहार से भी जुड़ा है।'

# ऑलराउंडर सयाली सतघरे का भारतीय टीम में डेब्यूःमां ने कहा- सालों का इंतजार आज पूरा हुआ




***राजकोट*** *आयरलैंड की महिला टीम मौजूदा समय में भारत दौरे पर है। इस दौरे पर दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। इसका पहला मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में में खेला जा रहा है। इस मुकाबले के जरिए एक युवा खिलाड़ी सायली सतघरे को डेब्यू करने का मौका मिला है। मुंबई की रहने वाली 24 साल की सयाली सतघरे ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और इसी वजह से उन्हें भारत की जर्सी में खेलने का मौका मिला है।*

***मां ने कहा- बेटी का सपना व र्ल्ड कप जीतने का*** *कप्तान स्मृति मंधाना ने उन्हें भारतीय टीम की कैप दी। इस पल को देखकर सयाली के माता-पिता की आंखों में आंसू आ गए। सयाली का परिवार खास तौर पर अपनी बेटी को भारतीय टीम में जगह मिलने के बाद उसका पहला मैच देखने आया है। इस मौके पर दिव्य भास्कर ने सयाली की मां स्वाति सतघरे से बात की। उन्होंने कहा- बेटी का सपना व र्ल्ड कप जीतने का है। वह दिन-रात इसी का सपना देखती है।* ***वर्षों का इंतजार आज पूरा हुआ*** *सयाली की मां स्वाति सतघरे ने कहा कि आज हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है। सयाली पिछले 14-15 साल से क्रिकेट खेल रही हैं। लेकिन, आज वह दिन है, जिसका हम इतने वर्षों से इंतजार कर रहे थे। 2011 में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता तो सयाली ने तय कर लिया कि मुझे भी भारतीय टीम के लिए खेलना है। उसका अब तक का सफर बेहद कठिन रहा है। वह बड़े अनुशासन के साथ काम करती है और प्रैक्टिस के लिए एक भी दिन के गैप नहीं करती। उसका खानपान, जिम, पढ़ाई सबकुछ तय समय पर होता है। सयाली का मैच दैखने उनका परिवार राजकोट पहुंचा है। उन्होंने आगे कहा कि सयाली ने बीकॉम तक पढ़ाई की है। सयाली का मुख्य लक्ष्य भारत में एक और विश्व कप लाना है। हमारा भी यही सपना है कि हम सयाली के हाथों में वर्ल्ड कप देखें। सयाली का घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह मुंबई टीम की कप्तान भी रह चुकी है। घरेलू मैच में उसने गुजरात के खिलाफ 19 रन देकर 5 विकेट और नागालैंड के खिलाफ 17 रन देकर 7 विकेट भी लिए थे।* ***विभिन्न स्कूल-कॉलेजों से भी भारी संख्या में स्टूडेंट्स मैच देखने पहुंचे हैं। दर्शकों के लिए स्टेडियम में फ्री एंट्री...*** *आज राजकोट के स्टेडियम में पहली बार महिला क्रकिट खेला जा रहा है। इसी के चलते महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए स्टेडियम में फ्री एंट्री रखी गई है। इसी के चलते मैच शुरू होने से पहले ही स्टेडियम में 5000 से ज्यादा दर्शकों की भीड़ पहुंच चुकी थी। विभिन्न स्कूल-कॉलेजों से भी भारी संख्या में स्टूडेंट्स मैच देखने पहुंचे हैं। महिला टीम का हौसला बढ़ाते हुए लड़कियों ने गो गो वीमेन इन ब्लू वी आर प्राउड ऑफ यू का नारा लगाया। अनमोल सेजपाल नाम की एक दर्शक ने कहा- आज निरंजन शाह स्टेडियम में पहली बार महिला क्रिकेट मैच हो रहा है। इसीलिए हम भारतीय टीम का हौसला बढ़ाने आए हैं। मैं भी आज पहली बार ही इस स्टेडियम में आई हूं और अपनी टीम को देखकर बहुत खुश और एक्साइटेड हूं। भारत-आयरलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेइंग-11 स्मृति मंधाना (कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमाह रोड्रिग्स, तेजल हस्बनीस, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), सयाली सतघरे, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा और तितास साधु।*

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशयःटखने में चोट है, टीम को 2023 में वनडे वर्ल्ड कप जिताया



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के ICC चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पर संशय है। उनके टखने में चोट है, जिसके लिए उन्हें स्कैन करवाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है।

बैली ने बताया, पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, जिसके लिए अभी ब्रेक पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले सप्ताह उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी चोट की स्थिति का पता चलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में हाल ही में भारत के खिलाफ 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (BGT) से जीती थी। कमिंस BGT में टीम के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 2023 में अपनी टीम को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया था। पैट कमिंस भारत के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के टॉप विकेट टेकर थे। चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 22 फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है। **चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे कमिंस श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस यह सीरीज मिस करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉड्र्स मैदान में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में खेले गए फाइनल मैच में भारत को 209 रनों से हराया था।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0536 एवं 1272 खलारी/रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर चिनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फोन नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670